Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा,हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा,राजस्थान, पंजाब, बहराइच,रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबन्द में प्रसारित

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874

नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 32 | सोमवार, 02 फरवरी -2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य पाने के लिए सुधार एक्सप्रेस को सरकार ने रफ्तार दी

# "नई उम्मीद, नए संकल्प"

*केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने संसद में वित्त वर्ष 2026-27 का केंद्रीय बजट पेश करते हुए 'विकसित भारत' की नींव को और मजबूत करने का रोडमैप साझा किया है। 'युवा शक्ति' और आर्थिक स्थिरता पर केंद्रित इस बजट का कुल आकार लगभग 53.5 लाख करोड़ रुपये रखा गया है। सरकार ने विकास की रफ्तार बनाए रखने के लिए बुनियादी ढांचे और मैन्युफैक्चरिंग पर सरकारी खजाना खोल दिया है, वहीं राजकोषीय अनुशासन को भी प्राथमिकता दी है। सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए राजकोषीय घाटे को सकल घरेलू उत्पाद के 4.3 प्रतिशत तक सीमित रखने का लक्ष्य रखा है, जो चालू वित्त वर्ष के 4.4 प्रतिशत के संशोधित अनुमान से कम है। आम करदाताओं और मध्यम वर्ग को राहत देते हुए वित्त मंत्री ने विदेश यात्रा और शिक्षा को किफायती बनाने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने विदेश यात्रा पैकेज की बिक्री पर टीसीएस की दर को 5 से 20 प्रतिशत के स्लैब से घटाकर सीधे 2 प्रतिशत करने का प्रस्ताव दिया है। यही राहत लिबरलाइज्ड रेमिटेंस स्कीम (एलआरएस) के तहत शिक्षा और चिकित्सा के लिए विदेश भेजे जाने वाले पैसे पर भी दी गई है, जहाँ अब टीसीएस की दर 2 प्रतिशत होगी।*

**53.47**
*लाख करोड़ रूपये का बजट रहा वर्ष 2026-21 का*

**7,84,678**
*करोड़ रूपये खर्च होंगे रक्षा क्षेत्र में 15.3 फीसदी की वृद्धि*



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का रिकॉर्ड लगातार नौवां बजट



चुनौतियों के बीच उम्मीदों को रफ्तार

## सस्ता हुए बजट की अहम 6 बातें

### कैंसर की दवाइयां सस्ती



सरकार ने कैंसर के इलाज में इस्तेमाल होने वाली 17 दवाओं पर बेसिक कस्टम ड्यूटी हटा दी है। इसके अलावा, 7 दुर्लभ बीमारियों के इलाज के लिए बाहर से मंगवाई जाने वाली दवाओं और स्पेशल फूड पर भी अब कोई टैक्स नहीं लगेगा। इससे उन परिवारों को बड़ी आर्थिक मदद मिलेगी जो इलाज के लिए महंगी विदेशी दवाओं पर निर्भर हैं। **1.**

### माइक्रोवेव ओवन सस्ते




घरेलू मैन्युफैक्चरिंग को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने इलेक्ट्रॉनिक्स सेक्टर में कुछ अहम बदलाव किए हैं। अब माइक्रोवेव ओवन बनाने में इस्तेमाल होने वाले खास पार्ट्स पर कस्टम ड्यूटी कम कर दी गई है। इससे आने वाले दिनों में माइक्रोवेव की कीमतों में कमी आ सकती है। सरकार का लक्ष्य है कि भारत कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स के मामले में दुनिया का हब बने। **2.**

### बैटरी और सोलर पैनल सस्ते



एनर्जी ट्रांजैक्शन को देखते हुए सरकार ने लिथियम–आयन बैटरी बनाने वाली मशीनों पर मिलने वाली टैक्स छूट का दायरा बढ़ा दिया है। अब बैटरी एनर्जी स्टोरेज सिस्टम के लिए इस्तेमाल होने वाले सामान पर भी ड्यूटी नहीं लगेगी। वहीं, सोलर ग्लास बनाने में इस्तेमाल होने वाले 'सोडियम एंटीमोनेट' पर भी ड्यूटी हटा दी गई है, जिससे देश में सोलर पैनल बनाना सस्ता होगा। **3.**

### विदेशी सामान मंगाना सस्ता



पर्सनल यूज की चीजों पर टैक्स घटा विदेश से अपने निजी इस्तेमाल के लिए सामान मंगवाने मंगाना सस्ता हो जाएगा। सरकार ने ऐसे सामान पर लगने वाले टैक्स को 20% से घटाकर 10% कर दिया है। जब कंपनियों को सामान बनाने के लिए कच्चा माल सस्ता मिलेगा, तो प्रॉडक्शन की लागत घटेगी। अगर कंपनियां इसका फायदा ग्राहकों तक पहुंचाती हैं, तो लेदर के जूते, स्पोर्ट्स शूज और सी–फूड की कीमतें घट सकती है या कम से कम दाम स्थिर रहेंगे। **4.**

### विदेश घूमना सस्ता होगा



सरकार ने टैक्स घटाकर 2% किया अब विदेश यात्रा के 'टूर पैकेज' बुक करना सस्ता हो जाएगा। पहले 10 लाख रुपए तक के खर्च पर 5% और उससे ज्यादा पर 20% टैक्स लगता था। इसे अब घटाकर सीधा 2% कर दिया गया है। अब इसमें रकम की कोई लिमिट भी नहीं है। **5.**

### एयरक्राफ्ट मेंटेनेंस सस्ता



नागरिक उड्डयन को बढ़ावा देने के लिए एयरक्राफ्ट बनाने में इस्तेमाल होने वाले पुर्जों और कंपोनेंट्स पर कस्टम ड्यूटी हटा दी गई है। डिफेंस सेक्टर में भी एयरक्राफ्ट के मेंटेनेंस और रिपेयरिंग (टफड) के लिए मंगवाए जाने वाले कच्चे माल पर अब टैक्स नहीं देना होगा। इससे देश में हवाई जहाज बनाने और उनकी मरम्मत करने की लागत कम होगी। **6.**

## महंगी हुई चीजें

- शराब पर TCS को 1% से बढ़ाकर 2% कर दिया गया है। इससे शराब की कीमतें बढ़ सकती है, क्योंकि इससे दुकानदार के मुनाफे पर असर होगा।
- फ्यूचर ट्रेडिंग पर लगने वाले सिक्योरिटीज ट्रांजैक्शन टैक्स (GST) को 0.02% से बढ़ाकर 0.05% और ऑप्शंस 0.15% किया गया है।
- TCS का मतलब है 'सोर्स पर टैक्स कलेक्शन'। यह एक तरह का एडवांस इनकम टैक्स है। दुकानदार जो 2% टैक्स अभी सरकार को देगा, उसे वह साल के आखिर में अपना इनकम टैक्स रिटर्न भरते समय एडजस्ट कर सकता है।
- STT ऐसा टैक्स है जो आपके हर सौदे (खरीदने और बेचने) पर लगता है। टैक्स दरें बढ़ने से अब आपको एक ही ट्रांजैक्शन के लिए पहले के मुकाबले ज्यादा पैसे चुकाने होंगे।
- नॉलेज पाट: GST काउंसिल तय करती है ज्यादातर चीजों के दाम
- 22 सितंबर 2025 से GST के चार स्लैब को घटाकर दो कर दिया था। अब केवल 5% और 18% के स्लैब में GST लगता है। GST काउंसिल की 56वीं मीटिंग में इस पर फैसला लिया गया था। इससे घी, पनीर खरीदने से लेकर कार और AX खरीदना भी सस्ता हो गया है।

## संपादक की कलम से

# बजट के वक्त कुछ सवाल

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने निरंतर नौवां बजट लोकसभा में पेश किया है। देश की महिला वित्त मंत्री और यह निरंतरताङ्घवाकई एक कीर्तिमान है। 2026–27 के बजट में क्या प्रावधान किए गए हैं, किसके हिस्से, कितनी राशि आवंटित की गई है, विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के क्या अंतर्विरोध और खामियां हैं, करीब 378 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था में आम आदमी कितना सम्पन्न है, उसकी जेब में कितना पैसा है, इनमें से कुछ विसंगतियों का विश्लेषण आज कर रहे हैं।



ललित शर्मा
संपादक

प्रधानमंत्री मोदी के तीसरे कार्यकाल का तीसरा बजट देश के सामने है, लेकिन हम पहले कुछ बुनियादी सवाल उठा रहे हैं। बेशक हम चौथी आर्थिक महाशक्ति हैं, लेकिन भारत में आज भी प्रति व्यक्ति आय 2.34 लाख रुपए सालाना क्यों है? और देश विश्व में 140वें स्थान पर क्यों है? बीते पांच साल में हमारा निर्यात क्यों नहीं बढ़ रहा है और आयात का बोझ बढ़ता जा रहा है? नतीजतन 2024–25 में व्यापार घाटा 24 लाख करोड़ रुपए है। बीते 10 सालों के दौरान विदेशी निवेश में गिरावट क्यों जारी है? ताजा आंकड़ों के मुताबिक, नवंबर 2025 में विदेशी निवेश 9730 करोड़ रुपए था, जो 63 फीसदी कम हुआ है। घरेलू बड़ी कंपनियां भी अपने देश में निवेश बहुत कम कर रही हैं, जबकि विदेशों में उनका निवेश 14 अरब डॉलर से बढ़ कर 24 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। कारपोरेट का यह नकारात्मक रुख क्यों है? आर्थिक सर्वेक्षण में हमारी जीडीपी की विकास दर 6.8 फीसदी से 7.2 फीसदी का अनुमान दिया गया है, लेकिन डॉलर की तुलना में हमारी मुद्रा रुपए का अवमूल्यन देखें, तो यह विकास दर मात्र 1.5 फीसदी बनती है। क्या इसी आधार पर भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र बन सकता है? हमारे 11 बड़े राज्यों पर अभूतपूर्व कर्ज है और देश पर भी कर्ज का बोझ करीब 225 फीसदी बढ़ गया है, नतीजतन प्रत्येक भारतीय पर औसतन 4.8 लाख रुपए का कर्ज है। अर्थव्यवस्था की कौन–सी गुलाबी तस्वीर पेश की जा रही है? कुछ और तथ्य गौरतलब हैं। एक साल में देश की आईटी की 5 प्रमुख कंपनियों में मात्र 17 नौकरियां दी गई हैं। बेरोजगारी, महंगाई और गरीबी की जो दरें हमारे सामने आती हैं, वे सरकारी और अर्द्धसत्य हैं। देश में करीब 1.20 करोड़ गिग वर्कर्स कार्यरत हैं। उनमें से 40 फीसदी औसतन 15,000 रुपए माहवार ही कमा पाते हैं। यानी 500 रुपए प्रतिदिनङ्घन्यूनतम दिहाड़ी से भी कमङ्घ! बीमा क्षेत्र दुनिया में सबसे निचले स्तर पर है, क्योंकि लोग बीमे को लेकर जागरूक ही नहीं हैं और देश में बीमा बहुत महंगा है। बहरहाल वित्त मंत्री ने बजट में कुछ अहं घोषणाओं, योजनाओं, कारिडोर, पार्क संबंधी प्रस्ताव रखे हैं। उनमें विकास पर सरकारी पूंजीगत व्यय के लिए 12.2 लाख करोड़ रुपए का रिकार्ड आबंटन किया गया है। सरकार ने ग्लोबल बायो फार्मा हब और सेमीकंडक्टर मिशन के लिए क्रमश: 10,000 और 40,000 करोड़ रुपए तय किए हैं। ये मैन्युफैक्चरिंग क्षेत्र के लिए महत्त्वपूर्ण है। हालांकि जीडीपी में इस क्षेत्र का योगदान घटकर 12–13 फीसदी तक आ गया है, लेकिन बजट में चैम्पियन एमएसएमई के निर्माण की बात कही गई है। सूक्ष्म, लघु, मध्यम उद्यमों के बढ़ावे और विस्तार के लिए 10,000 करोड़ रुपए की राशि आवंटित की गई है। आत्मनिर्भर भारत के लिए 2000 करोड़ रुपए का टॉप अप भी घोषित किया गया है। बजट में दुर्लभ अर्थ खनिजों, 7 हाईस्पीड रेल के कॉरिडोर और 20 नए जलमार्गों के जरिए बुनियादी ढांचे को संबोधित किया गया है। मेगा टेक्सटाइल पार्क, राष्ट्रीय फाइबर योजना, केमिकल पार्क से लेकर हर शहर पर 5000 करोड़ रुपए खर्च करने तक की घोषणाएं की गई हैं। चिकित्सा और धार्मिक पर्यटन की भी योजनाएं हैं। हर जिले में अस्पताल और महिला छात्रावास होगा। 2026–27 के दौरान वित्तीय घाटा जीडीपी के 4.3 फीसदी तक रह सकता है। बजट में दावा किया गया है कि 10 सालों के दौरान 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकाले गए हैं। फिर भी 81 करोड़ से अधिक लोगों को प्रति माह मुफ्त अनाज बांटा जा रहा है।

## कविता

### मूरख को करो दूर से नमन



उदय किशोर साह

मूरखाधिराज से मत लेना कभी पंगा
दषित कर देता है तन मन की गंगा
जग जाहिर है इनका अपना व्यवहार
विद्वजन भी इनसे जाते हैं हार

क्रुतर्क का होते हैं ये पूरन विद्वान
मुरख की बस्ती का है ये ही भगवान
लुट खासोट से बना गाँव में धनवान
जग में समझे अपने को ही महान

सीधा इज्जत पे। करता है ये वार
बात बात में करता रहता। तकरार
इनको मानवता से ना होता है प्यार
जग में इनका अलग है एक संसार

औरों को देख हँसता है बार बार
कुपथ का होता है इनका विचार
मूरख दोस्त से जुड़ता है तार
मुर्ख की बस्ती में इनकी जयकार

पढ़ाई लिखाई का है ये दुशमन
मदिरा का करता है ये आचमन
विचित्र होता है में इनका जीवन
दूर से करना है इनको नमन

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्र: 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।


# विकसित भारत की उड़ान बजट 2026 के आर्थिक संकल्प



केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत नवीन केंद्रीय बजट को यदि समग्र दृष्टि से देखा जाए तो यह केवल एक वार्षिक वित्तीय दस्तावेज नहीं, बल्कि विकसित भारत 2047 के स्वप्न की ठोस आधारशिला के रूप में सामने आता है। यह बजट उस रिफॉर्म एक्सप्रेस की तरह है जो बीते वर्षों में चली आर्थिक सुधारों की पटरियों पर तेज गति से दौड़ते हुए अब भारत को उच्च विकास, समावेशन और आत्मनिर्भरता की नई ऊँचाइयों की ओर ले जाने का दावा करता है। तुलनात्मक, विवेचनात्मक और समीक्षात्मक दृष्टि से यह बजट पूर्ववर्ती बजटों की निरंतरता को बनाए रखते हुए कई नए आयाम भी जोड़ता है, जो इसे ऐतिहासिक और भविष्यगामी बनाते हैं।

पिछले कुछ वर्षों के बजटों की तुलना में यह बजट अधिक आत्मविश्वास के साथ सामने आता है। महामारी, वैश्विक आर्थिक अस्थिरता, भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति श्रृंखला की चुनौतियों के बीच भारत ने जिस आर्थिक मजबूती का प्रदर्शन किया है, उसका आत्मविश्वास इस बजट में स्पष्ट झलकता है। जहां पूर्व बजटों में संकट प्रबंधन और अर्थव्यवस्था को संभालने पर अधिक जोर था, वहीं यह बजट विकास की ऊंची उड़ान के लिए रनवे तैयार करता दिखता है। सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास का मंत्र यहां नारे से आगे बढ़कर नीतिगत संरचना का रूप लेता है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में बजट की दृष्टि विशेष रूप से विवेचनात्मक है। चिकित्सा अवसंरचना के विस्तार, मेडिकल कॉलेजों की संख्या बढ़ाने, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने और डिजिटल हेल्थ के माध्यम से गांव-गांव तक चिकित्सा सुविधाएं पहुँचाने की दिशा में किए गए प्रावधान यह संकेत देते हैं कि सरकार स्वास्थ्य को केवल खर्च नहीं, बल्कि मानव पूंजी में निवेश मान रही है। यदि पिछले दशक के बजटों से तुलना की जाए तो स्वास्थ्य पर आवंटन और दृष्टिकोण दोनों में गुणात्मक परिवर्तन दिखाई देता है। यह बदलाव भारत को न केवल स्वस्थ समाज की ओर ले जाने वाला है, बल्कि उत्पादकता और आर्थिक वृद्धि को भी दीर्घकाल में मजबूती देगा। शिक्षा के क्षेत्र में भी बजट की आत्मा दूरदर्शी है। नई शिक्षा नीति के क्रियान्वयन, कौशल विकास, डिजिटल शिक्षा, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और उभरती तकनीकों से जुड़ी शिक्षा पर बल यह दशार्ता है कि सरकार भविष्य के भारत के लिए आज के युवाओं को तैयार करना चाहती है।



ललित गर्ग

पूर्ववर्ती बजटों में शिक्षा पर खर्च की चर्चा होती थी, लेकिन इस बजट में शिक्षा को रोजगार और नवाचार से जोड़ने की स्पष्ट रणनीति दिखाई देती है। यह एक ऐसा बिंदु है जहाँ यह बजट तुलनात्मक रूप से अधिक परिपक्व और व्यावहारिक प्रतीत होता है। विकास की दृष्टि से यह बजट इन्फ्रास्ट्रक्चर प्लस समावेशन का मॉडल प्रस्तुत करता है। रेलवे कॉरिडोरों के विकास, लॉजिस्टिक्स को सशक्त बनाने, सड़क, बंदरगाह और शहरी अवसंरचना में निवेश को जिस तरह प्राथमिकता दी गई है, वह भारत को वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला का मजबूत हिस्सा बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। सात रेलवे कॉरिडोर विकसित करने की घोषणा केवल परिवहन सुविधा का विस्तार नहीं, बल्कि औद्योगिक विकास, रोजगार सृजन और क्षेत्रीय संतुलन का माध्यम भी है। यदि इसे पिछले बजटों से जोड़कर देखा जाए तो स्पष्ट होता है कि सरकार अब बुनियादी ढांचे को विकास का इंजन मानकर लगातार गति दे रही है। ग्रामीण भारत के संदर्भ में यह बजट विशेष उल्लेख के योग्य है। कृषि, ग्रामीण अवसंरचना, सिंचाई, किसान कल्याण और ग्रामीण उद्यमिता से जुड़े प्रावधान यह संकेत देते हैं कि गांव को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने की मंशा केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं है। मेडिकल सुविधाओं, शिक्षा और डिजिटल कनेक्टिविटी के विस्तार से ग्रामीण भारत में जीवन की गुणवत्ता सुधरने की संभावना बढ़ती है। यह आत्मनिर्भर भारत की उस परिकल्पना को साकार करता है जिसमें गांव मजबूत होंगे तो देश स्वतः मजबूत होगा।

नारी शक्ति के सशक्तिकरण के संदर्भ में भी बजट का दृष्टिकोण तुलनात्मक रूप से व्यापक है। महिला स्वयं सहायता समूहों, महिला उद्यमिता, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़े विशेष प्रावधान यह दशार्ते हैं कि महिलाओं को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि विकास की भागीदार के रूप में देखा जा रहा है। गरीबों और वंचित वर्गों के लिए लक्षित योजनाएं इस बजट को सामाजिक न्याय की दृष्टि से भी संतुलित बनाती हैं। समीक्षात्मक रूप से देखा जाए तो यह बजट कल्याण और विकास के बीच संतुलन साधने का प्रयास करता है, जो किसी भी दीर्घकालिक आर्थिक नीति की अनिवार्य शर्त है। युवाओं के लिए यह बजट विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। स्टार्टअप, नवाचार, स्किल इंडिया, रोजगार सृजन और नई तकनीकों में निवेश युवाओं की आकांक्षाओं को संबोधित करता है। यदि इसे आगामी विधानसभा चुनाव वाले राज्यों के संदर्भ में देखा जाए तो यह भी स्पष्ट होता है कि बजट में क्षेत्रीय संतुलन और राजनीतिक यथार्थ का भी ध्यान रखा गया है। हालांकि आलोचक इसे चुनावी बजट कह सकते हैं, लेकिन विवेचनात्मक दृष्टि से यह कहना अधिक उचित होगा कि लोकतांत्रिक व्यवस्था में बजट का जन-आकांक्षाओं से जुड़ा होना स्वाभाविक है, बशर्ते वह दीर्घकालिक विकास को बाधित न करे। इस बजट में दीर्घकालिक दृष्टि और तात्कालिक आवश्यकताओं के बीच संतुलन दिखाई देता है। समीक्षात्मक रूप से यह स्वीकार करना होगा कि किसी भी बजट की सफलता केवल घोषणाओं से नहीं, बल्कि उनके प्रभावी क्रियान्वयन से तय होती है। संसाधनों की उपलब्धता, राज्यों के साथ समन्वय और पारदर्शी प्रशासन इस बजट की वास्तविक परीक्षा होंगे। फिर भी, तुलनात्मक दृष्टि से यह बजट भारत की आर्थिक यात्रा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव प्रतीत होता है।

अंततः यह कहा जा सकता है कि निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट भारत के विकास की ऊंची उड़ान का मजबूत आधार है। यह वर्तमान की चुनौतियों को स्वीकार करते हुए भविष्य की संभावनाओं के लिए रास्ता तैयार करता है। स्वास्थ्य, शिक्षा, अवसंरचना, ग्रामीण विकास, नारी शक्ति और युवाओं को केंद्र में रखकर यह बजट विकसित भारत 2047 की दिशा में एक सशक्त कदम है। यदि इसे निरंतर सुधार, जवाबदेही और समावेशी क्रियान्वयन का साथ मिला, तो यह बजट इतिहास में केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के उज्ज्वल भविष्य की नींव के रूप में याद किया जाएगा।

# बजट 2026-27 @ विजन 2047- लोकलुभावन के आगे आत्मनिर्भर विकसित भारत की लाजवाब वैश्विक रूपरेखा

वैश्विक स्तरपर भारत का आम बजट 2026 किसी चुनावी वर्ष की तात्कालिक लोकप्रियता की तलाश में गढ़ा गया दस्तावेज नहीं, बल्कि एक ऐसे राष्ट्र की आत्मविश्वासी घोषणा है जो अब अपने विकास की दिशा स्वयं तय करना चाहता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत यह बजट न तो भावनात्मक नारों से भरा है और न ही तात्कालिक राहतों की चकाचौंध में उलझा हुआ। हालांकि बजट पेश होते ही शेयर मार्केट सोना चांदी के रेट धड़ाम से गिरे बजट भाषण शुरू होने से पहले चला ग?िरावट का दौर बजट स?पीच के बाद भी जारी रहा ग?िरावट ग?िरावट और स?िर्फ ग?िरावट, शेयर बाजार से लेकर सोने- चांदी तक में आज के द?िन ग?िरावट हावी रही, सोने-चांदी में ग?िरावट का हाल यह रहा क?ि प?िछले एक से दो हफ्ते में ज?ितना चढ़ा,उससे ज?यादा प?िछले द?िन में ग?िर गया.परंतु इसकेविपरीत,मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि यह बजट भारत को अगले दो दशकों में एक आत्मनिर्भर, तकनीकी रूप से सक्षम और वैश्विक आर्थिक शक्ति के रूप में स्थापित करने की ठोस रूपरेखा पेश करता है।75 वर्षों से चली आ रही बजट प्रस्तुति की परंपरा में सूक्ष्म लेकिन अर्थपूर्ण बदलाव करते हुए इस बार बजट के वैचारिक और नीतिगत केंद्र को नए सिरे से परिभाषित किया गया है, जो अपने आप में एक संकेत है कि भारत अब केवल प्रतिक्रिया देने वालीअर्थव्यवस्था नहीं, बल्कि रणनीति गढ़ने वाला राष्ट्र बन चुका है।पिछले दशकों में केंद्रीय बजटों की संरचना ऐसी रही है जिसमें भाग ह्यएह्न में व्यापक आर्थिक दृष्टिकोण और सरकार की प्राथमिकताएं रखी जाती थीं, जबकि भाग ह्यबीह्न को कर सुधारों और नीतिगत घोषणाओं तक सीमित कर दिया जाता था।बजट 2026 में इस परंपरा से हटते हुएनीतिगत घोषणाओं को आर्थिक दर्शन से अलग नहीं रखा गया, बल्कि दोनों को एक ही निरंतर कथा में पिरोया गया है। यह बदलाव केवल तकनीकी नहीं,बल्कि वैचारिक है। इसका अर्थ है कि सरकार अब कर नीति, पूंजी निवेश, तकनीकी मिशन और सामाजिक ढांचे को अलग- अलग खानों में नहीं देखती, बल्कि उन्हें एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की ओर अग्रसर उपकरण मानती है। पेपरलेस बजट की निरंतरता और लाल कपड़े से आगे डिजिटल युग की प्रस्तुति यह दर्शाती है कि शासन की भाषा और संरचना दोनों आधुनिक भारत के साथ कदम से कदम मिला रही हैं।

साथियों बात अगर हम 1 फरवरी 2026 को पेश हुए बजट की करें तो,यह बजट ऐसे समय में आया है जब वैश्विक अर्थव्यवस्था अस्थिरता, भू- राजनीतिक तनाव और सप्लाई-चेन पुनर्संरचना के दौर से गुजर रही है।अमेरिका- चीन व्यापार तनाव, यूरोप की ऊर्जा चुनौतियां और उभरते बाजारों पर बढ़ता कर्ज.दबाव इन सभी के बीच भारत ने यह स्पष्ट कर दिया है कि वह शॉर्ट-टर्म लोक लुभावनवाद के बजाय दीर्घकालिक आर्थिक अनुशासन को प्राथमिकता देगा। वित्तमंत्री ने अपनें 90 मिनट के भाषण की शुरूआत ही निरंतरता, स्थिरता और दीर्घकालीन विकास की सोच से की,जो अपने आप में यह संदेश था कि यह बजट किसी एक वर्ष की नहीं, बल्कि आने वाले वर्षों की दिशा तय करने वाला दस्तावेज है। चौंकाने वाली घोषणाओं की अनुपस्थिति को कमजोरी नहीं, बल्कि सटीक रूप से रणनीतिक परिपक्वता के रूप में देखा जाना चाहिए।




साथियों बात अगर हम इस बजट की सबसे हटकर बात की करें तो सरकार इस बजट में आर्थिक अनुशासन और जनता की आकांक्षाओं के बीच जिस संकरी राह पर चलती दिखती है, वह भारत जैसे विकासशील लेकिन महत्वाकांक्षी राष्ट्र के लिए अनिवार्य भी है। राजकोषीय घाटे पर नियंत्रण रखते हुए विकास को गति देना किसी भी सरकार के लिए आसान कार्य नहीं होता, विशेषकर तब जब सामाजिक कल्याण,रोजगार सृजन और बुनियादी ढांचे की मांगें एक साथ खड़ी हों। बजट 2026 ने यथार्थवादी और संयमित रुख अपनाते हुए यह स्वीकार किया है कि विकास का स्थायित्व केवल खर्च बढ़ाने से नहीं,बल्कि खर्च की गुणवत्ता सुधारने से आता है। यही कारण है कि इस बजट का केंद्रीय तत्व ह्यकैपेक्स- ड्रिवन ग्रोथह्न है, न कि सब्सिडी- ड्रिवन कंजम्पशन।इस सोच का सबसे ठोस प्रमाण सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 की घोषणा में दिखाई देता है।वैश्विक तकनीकी परिदृश्य में सेमीकंडक्टर अब केवल इलेक्ट्रॉनिक्स का घटक नहीं, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा, औद्योगिक आत्मनिर्भरता और भू-राजनीतिक शक्ति का प्रतीक बन चुके हैं।लगभग 40,000 करोड़ रूपए के निवेश के साथ इंडिया सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 यह स्पष्ट संकेत देता है कि भारत अब केवल डिजाइन और सॉफ्टवेयर तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि हार्डवेयर निर्माण की वैश्विक वैल्यू-चेन में भी निर्णायक भूमिका निभाना चाहता है। यह पहल न केवल आयात निर्भरता कम करेगी, बल्कि भारत को एशिया- प्रशांत क्षेत्र में एक विश्वसनीय सेमीकंडक्टर हब के रूप में स्थापित करने की क्षमता रखती है।पूंजीगत व्यय में प्रस्तावित वृद्धि इस बजट की रीढ़ है।



गोदियां

वित्तवर्ष 27 के लिए 13.2 लाख करोड़ रूपए का कैपेक्स, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 9 प्रतिशत अधिक है, केवल एक संख्या नहीं बल्कि सरकार की प्राथमिकताओं का स्पष्ट संकेत है। बुनियादी ढांचे, लॉजिस्टिक्स, ऊर्जा और शहरी विकास में यह निवेश रोजगार सृजन के साथ-साथ निजी निवेश को भी आकर्षित करने का माध्यम बनेगा। आर्थिक इतिहास गवाह है कि जब सरकार पूंजीगत व्यय पर जोर देती है,तो उसका मल्टीप्लायर प्रभाव अर्थव्यवस्था के हर क्षेत्र में महसूस किया जाता है।इस दृष्टि से बजट 2026 एक क्लासिक क्राउड-इन रणनीति को अपनाता दिखता है, जिसमें सरकारी निवेश निजी क्षेत्र के लिए रास्ते खोलता है। इसी रणनीति का विस्तार हाई-स्पीड रेल कॉरिडोर की घोषणाओं में भी दिखाई देता है। मुंबई-पुणे, हैदराबाद-बेंगलुरु और दिल्ली- वाराणसी जैसे मार्ग केवल परिवहन परियोजनाएं नहीं हैं,बल्कि शहरी-औद्योगिक क्लस्टरों को जोड़ने वाले विकास गलियारे हैं। सात हाई-स्पीड रेल मार्गों की घोषणा यह संकेत देती है कि भारत अब केवल सड़कों और पारंपरिक रेलवे तक सीमित नहीं रहना चाहता, बल्कि भविष्य की मोबिलिटी आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निवेश कर रहा है। ये कॉरिडोर क्षेत्रीय आर्थिक असंतुलन को कम करने, पर्यटन को बढ़ावा देने और समय-लागत में कमी लाने में निर्णायक भूमिका निभा सकते हैं रेयर अर्थ कॉरिडोर और ईस्ट-वेस्ट फ्रेट कॉरिडोर की योजना वैश्विक संसाधन राजनीति के संदर्भ में अत्यंत महत्वपूर्ण है ओडिशा केरल, आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु जैसे राज्यों में रेयर अर्थ संसाधनों का विकास भारत को उन रणनीतिक सामग्रियों में आत्मनिर्भर बना सकता है जिन पर आज चीन का प्रभुत्व माना जाता है। यह पहल न केवल औद्योगिक सुरक्षा को मजबूत करेगी,बल्कि इलेक्ट्रिक वाहन,रिन्यूएबल एनर्जी और रक्षा क्षेत्र में भारत की क्षमता को भी नई ऊंचाई देगी। फ्रेट कॉरिडोर के माध्यम से लॉजिस्टिक्स लागत में कमी और सप्लाई-चेन की दक्षता बढ़ाना भारत की प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए अनिवार्य है।एमएसएमई क्षेत्र को लेकर बजट 2026 का दृष्टिकोण भी उल्लेखनीय है। 10,000 करोड़ रूपए के एसएमई ग्रोथ फंड की स्थापना यह स्वीकार करती है कि भारत की आर्थिक रीढ़ छोटे और मध्यम उद्यम हैं। वित्तीय और तकनीकी सहायता के माध्यम से इन उद्यमों को वैश्विक मूल्य श्रृंखलाओं से जोड़ना रोजगार सृजन और निर्यात वृद्धि के लिए आवश्यक है। यह पहल केवल क्रेडिट उपलब्धता तक सीमित नहीं, बल्कि स्किल, टेक्नोलॉजी और मार्केट एक्सेस को भी संबोधित करती है, जो लंबे समय से एमएसएमई सेक्टर की कमजोर कड़ी रही है।बायोफार्मा शक्ति योजना के अंतर्गत अगले पांच वर्षों में 10,000 करोड़ रूपए का निवेश भारत को वैश्विक स्वास्थ्य आपूर्ति श्रृंखला में और अधिक मजबूत स्थान दिला सकता है। कोविड-19 महामारी ने यह स्पष्ट कर दिया था कि फार्मास्यूटिकल आत्मनिर्भरता किसी भी देश के लिए रणनीतिक आवश्यकता है। बायोफार्मा क्षेत्र में अनुसंधान, उत्पादन और नवाचार को बढ़ावा देकर भारत न केवल घरेलू जरूरतें पूरी कर सकेगा, बल्कि विकासशील देशों के लिए भरोसेमंद स्वास्थ्यभागीदार भी बन सकता है। साथियों बात अगर हम कर सुधारों के संदर्भ में बजट को समझने की करें तो,2026 ने सरलता और पारदर्शिता को प्राथमिकता दी है। आयकर अधिनियम के नवीनतम रूप के तहत नियमों का सरलीकरण, संशोधित रिटर्न फाइलिंग की समय सीमा में बदलाव और टीडीएस-टीसीएस में राहत जैसे कदम कर अनुपालन को आसान बनाने की दिशा में उठाए गए हैं।यह दृष्टिकोण दंडात्मक कर संस्कृति से हटकर ह्यट्रस्ट-बेस्ड टैक्सेशनह्न की ओर बढ़ने का संकेत देता है, जो निवेशकों और करदाताओं दोनों के लिए सटीक सकारात्मक संदेश है।

# निष्पक्ष पत्रकारिता लोकतंत्र की असली ताकत : घनश्याम पाठक

**संदीप तिवारी**



**वाराणसी ।** भदोही जिले के ज्ञानपुर स्थित जिला पंचायत के सभागार में रविवार को पत्रकार प्रेस क्लब भदोही की ओर से आईकार्ड वितरण सम्मान समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार राजेश मिश्रा ने किया। समारोह के मुख्य अतिथि एक दैनिक समाचार पत्र के कार्यकारी संपादक एवं पत्रकार प्रेस प्रेस क्लब के संस्थापक/प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम पाठक रहे। श्री पाठक ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि देश प्रदेश के कोने-कोने में कलमकारों का दर्द गहराता जा रहा है। लोकतंत्र का प्रहरी कहे जाने वाले पत्रकार आज सबसे असुरक्षित और उपेक्षित वर्ग बन गए हैं। जिनकी कलम से भ्रष्टाचार का पदार्फाश होता है। जिनकी आवाज से जनता को न्याय मिलता है। वही पत्रकार आज अपनों के बीच अकेला और असहाय महसूस कर रहा है। श्री पाठक ने कहा कि पत्रकारों की सबसे बड़ी पीड़ा यह है कि जब वे सच्चाई को सामने लाते हैं, तो उन पर झूठे मुकदमे लाद दिए जाते हैं। कोई घोटाला उजागर किया तो पुलिस और प्रशासन की सह पर घोर प्रताड़नाएं शुरू कर दी जाती हैं। श्री पाठक ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि गलत को गलत और सही को सही कहने का साहस ही सच्ची पत्रकारिता की पहचान होती है। समाज सुधार से लेकर आजादी की लड़ाई तक पत्रकारों ने राष्ट्र निर्माण में ऐतिहासिक भूमिका निभाई है। आज के समय में पत्रकारिता की जिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ गई है। पत्रकार प्रेस क्लब इस सम्मेलन के माध्यम से निर्भीक कलम और निष्पक्ष दृष्टि के साथ जनहितैषी पत्रकारिता को अपना संकल्प मानते हुए अन्याय, अत्याचार और भ्रष्टाचार के खिलाफ डटकर खड़ा है। सच को सामने लाना और समाज की आवाज बनना ही इसकी पहचान है। यही पत्रकारिता लोकतंत्र की असली ताकत है। समारोह में प्रमुख रूप से प्रदेश सलाहकार सचिव/प्रदेश मीडिया प्रभारी दीपक मिश्रा, प्रदेश सांस्कृतिक मंत्री अनीश मिश्रा, मंडल अध्यक्ष विंध्याचल राहुल सिंह, मंडल महासचिव राजेश मिश्रा, मंडल उपाध्यक्ष सुरेश कुमार मिश्रा, जिलाध्यक्ष दिलीप दुबे, जिला महासचिव विष्णु दुबे, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार सरोज, जिला संयोजक आशीष सोनी, उमेश दुबे जिला संगठन मंत्री, जिला सचिव विकास मिश्रा, तहसील अध्यक्ष औराई आनंद तिवारी, तहसील अध्यक्ष भदोही पंकज बिंद, उमेश पाण्डेय, सुभाष सिंह, अरुण मिश्रा, मेराज, राजकुमार गौतम, कमलेश, विजय प्रताप सिंह, विकास पाण्डेय, राधेकृष्ण तिवारी, रोशनी मल्होत्रा, अरूण मिश्रा, मनोज वर्मा आदि उपस्थित रहे।

# माघ पूर्णिमा पर संगम नगरी काली सड़क सेक्टर 3 में सेवा का महाकुंभ

**वेलकम इंडिया**



**प्रयागराज।** संगम नगरी प्रयागराज के मेला क्षेत्र में माघ पूर्णिमा के पावन अवसर पर सामाजिक उत्थान समिति की ओर से एक भव्य भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान लाखों श्रद्धालुओं ने संगम स्नान के उपरांत भंडारे का प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

भंडारे में श्रद्धालुओं को प्रेम, सेवा और समर्पण के भाव से प्रसाद वितरित किया गया। आयोजन के दौरान समिति के सदस्यों एवं स्वयंसेवकों ने पूरे उत्साह और अनुशासन के साथ सेवा कार्य को अंजाम दिया। ठंड और भारी भीड़ के बावजूद श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया, जिससे आयोजन पूरी तरह सफल और सराहनीय रहा।

इस सेवा कार्य को लेकर श्रद्धालुओं ने सामाजिक उत्थान समिति के प्रयासों की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे मानव सेवा की सच्ची मिसाल बताया। सामाजिक उत्थान समिति के अध्यक्ष संभव ओझा ने इस अवसर पर कहा कि माघ पूर्णिमा जैसे पावन पर्व पर संगम नगरी में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा करना हमारे लिए सौभाग्य की बात है। मानव सेवा ही सच्ची ईश्वर सेवा है। सामाजिक उत्थान समिति सदैव समाज के हर वर्ग के उत्थान और सेवा के लिए समर्पित रही है और आगे भी इसी भावना के साथ कार्य करती रहेगी। इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी स्वयंसेवकों, सहयोगियों एवं श्रद्धालुओं का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

# लोगो के घर उजाड़ कर विकास करना ठीक नहीं इस मुद्दे पर विचार जरूर करना चाहिए दिल्ली सीएम मैडम से अपील करता हू: रब्बी गुजराल

**एहसान अंसारी**



**नई दिल्ली:** दिल्ली के शालीमार गांव मैक्स रोड पर सैकड़ों मकानों को नोटिस दिया गया है। आप पार्टी नेता रब्बी गुजराल ने मीडिया से बातचीत दिल्ली सरकार से कई सवाल उठाएं है ।सरकार विकास के नाम पर मकानों को तोड़ने की तैयारी कर रही है। अगर रोड चौड़ाई करना है तो मकान तोड़ने की जरूरत ही नहीं है नाले और फुटपाथ की तरफ जगह खाली है इसी को सही तरीके के प्लान करके सड़क चौड़ी की जा सकती है। लोगो ने घर उजाड़ कर विकास करना ठीक नहीं, अगर बीच का रास्ता मौजूद है तो आप लोगो की बस्तियों पर बुलडोजर चलाना कहा का न्याय है। में माननीय मुख्यमंत्री से निवेदन करता हु इस मुद्दे को गंभीरता से ध्यान दे। नाला और फुटपाथ की जगह उपयोग करके प्लान बनाया जा सकता है जिससे रोड़ चौड़ी भी हो जाएं और लोगो के मकान भी बच जाएं। लोगो के घर बचाने के लिए समाधान निकाला जाए। विकास और इंसानियत दोनों साथ लेकर चले सरकार।

# एआई युग में राष्ट्र-निर्माण का मंत्र, ज्ञान गंगा मंच पर युवाओं के भविष्य को गढ़ने पर मंथन

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी:-** बनारस लिटरेचर फेस्टिवल 4 के तीसरे दिन ज्ञान गंगा मंच पर 'यूथ शेपिंग नेशन इन एन एआई-पावर्ड वर्ल्ड' विषय पर आयोजित पैनल चर्चा ने युवाओं, तकनीक और राष्ट्र-निर्माण के गहरे अंतसंबंधों को उजागर किया कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में भारत के युवा किस दिशा में आगे बढ़ें, इस प्रश्न पर विचारों की एक सशक्त धारा प्रवाहित हुई इस महत्वपूर्ण पैनल चर्चा में पारिजात चक्रवर्ती, अभिजीत राय, कश्यप कोम्पेला और सुबोर्नो इसाक बारी ने अपने विचार रखें चर्चा का कुशल संचालन प्रो. (डॉ.) धवल मेहता ने किया जिन्होंने संवाद को युवाओं की जिज्ञासा और समकालीन चुनौतियों से जोड़े रखा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अनिरुद्ध मिश्रा ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के भविष्य के लिए सबसे बुनियादी पाठ्यक्रम केवल डिग्रियों तक सीमित नहीं होना चाहिए उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि युवाओं के लिए तीन मूल स्तंभ अनिवार्य हैं स्वस्थ शरीर, स्वस्थ मन और स्वस्थ दृष्टिकोण उन्होंने कहा कि दुनिया भर में यह देखा गया है कि सफलता केवल सपने देखने से नहीं, बल्कि उन्हें जमीन पर उतारने की क्षमता से मिलती है श्री मिश्रा ने युवाओं को असफलताओं से न डरने की सलाह देते हुए कहा कि असफलता जीवन की सबसे बड़ी शिक्षक होती है उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जैसे जीवन के किसी भी पड़ाव पर माँ के हाथ का भोजन सबसे विश्वसनीय होता है वैसे ही मूल मूल्य और अनुशासन कभी नहीं बदलते, चाहे दुनिया कितनी भी आधुनिक क्यों न हो जाए पैनलिस्टों ने भी इस बात पर सहमति जताई कि एआई और तकनीक युवाओं के लिए केवल अवसर नहीं, बल्कि जिम्मेदारी भी लेकर आई है सही दिशा, नैतिकता और मानवीय मूल्यों के साथ यदि तकनीक का उपयोग किया जाए, तो युवा न केवल अपना भविष्य, बल्कि राष्ट्र का भविष्य भी संवार सकते हैं ज्ञान गंगा मंच पर हुआ यह संवाद केवल तकनीक की चर्चा नहीं था, बल्कि वह दृष्टि थी जिसमें मानवता, मूल्य और आधुनिकता एक साथ चलने का संदेश स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आया।

# संत रविदास जयंती पर सपा जिला कार्यालय में माल्यार्पण कार्यक्रम आयोजित



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** बुलंदशहर स्थित समाजवादी पार्टी जिला कार्यालय हापुड़ में जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर के नेतृत्व में संत रविदास जयंती के अवसर पर उनके छायाचित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई ।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आनंद गुर्जर ने कहा कि संत का पूरा नाम गुरु रविदास तथा उपनाम रैदास था। उनका जन्म वाराणसी के गोवर्धनपुरा में हुआ था। उनके गुरु रामानंद और कबीर दास थे। संत रविदास एक महान दार्शनिक, समाज सुधारक और धार्मिक प्रवृत्ति के व्यक्ति थे। उन्होंने जाति-पाति और ऊंच-नीच के भेदभाव को समाप्त करने का कार्य किया। उनकी वाणी सच्ची भक्ति भावना, मानव प्रेम और समाज के व्यापक हित से ओत-प्रोत थी। वे आपसी भाईचारे को ही सच्चा धर्म मानते थे। कार्यक्रम में राजेश यादव, अख्तर मालिक, इकबाल कुरैशी एडवोकेट, पुरुषोत्तम वर्मा, ताहिब, राशिद, कमाल मंसूरी, असीम मेवाती सहित अन्य समाजवादी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# संत गुरु शिरोमणि रविदास जयंती पर समानता और भाईचारे का संदेश दिया गया



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**हापुड़।** मीनाक्षी रोड स्थित सदर विधायक विजयपाल आढ़ती के कैंप कार्यालय पर भाजपा हापुड़ सदर विधायक विजयपाल आढ़ती के नेतृत्व में संत गुरु शिरोमणि रविदास जयंती श्रद्धा एवं सम्मान के साथ मनाई गई। इस अवसर पर विधायक विजयपाल आढ़ती ने संत रविदास के जीवन एवं विचारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संत गुरु शिरोमणि रविदास समाज में समानता, प्रेम और भाईचारे का संदेश देने वाले महान संत के रूप में जाने जाते हैं ।उन्होंने कहा कि संत रविदास का प्रसिद्ध संदेश मन चंगा तो कठौती में गंगाह्व आत्मज्ञान और सच्ची शक्ति का प्रतीक है, जो आज भी समाज को सही दिशा देने का कार्य करता है। संत रविदास ने जातिगत भेदभाव का सदैव विरोध किया और मानवता व सभी मनुष्यों की समानता पर जोर दिया। वे स्वयं को किसी एक विशेष धर्म से नहीं जोड़ते थे, बल्कि समस्त मानव समाज के कल्याण के पक्षधर थे ।कार्यक्रम में मुनेन्द्र चौधरी, पिंटू, पूरन, शिवम कंसल, दीपक सैनी, मदन सैनी, नरेंद्र त्यागी, रिंकू कुमार, एडवोकेट देवी दयाल, अरविंद पंडित, अजय भास्कर, वैभव त्यागी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# आगरा में चौकी पृथ्वीनाथ का फीता काटकर उद्घाटन हुआ

**वेलकम इंडिया**



**आगरा:-** पुलिस आयुक्त आगरा दीपक कुमार (कढर) के निर्देशन में थाना शाहगंज की नवीनीकृत, आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित चौकी पृथ्वीनाथ का फीता काटकर भव्य उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त नगर, पुलिस उपायुक्त पश्चिम, पुलिस उपायुक्त पूर्वी, अपर पुलिस उपायुक्त/सहायक पुलिस आयुक्त हरीपर्वत, प्रशिक्षु आईपीएस अभय राजेंद्र डागा, सहायक पुलिस आयुक्त छत्ता, सहायक पुलिस आयुक्त लोहामण्डी, सहायक पुलिस आयुक्त कोतवाली, सहायक पुलिस आयुक्त सदर, सहायक पुलिस आयुक्त ताजसुरक्षा सहित अन्य पुलिस अधिकारीगण एवं कर्मचारियों ने भाग लिया। चौकी पृथ्वीनाथ को आधुनिक आवश्यकताओं के अनुरूप बनाया गया है, जिसमें सीसीटीवी कैमरे, सुचारु कार्यप्रणाली के लिए डिजिटल प्रणाली, आधुनिक सुविधाओं से युक्त आगन्तुक कक्ष, चौकी प्रभारी कक्ष, बैरक एवं अन्य नागरिक हितैषी व्यवस्थाएं शामिल हैं। पुलिस आयुक्त ने बताया कि नवाचार और आधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित पुलिस चौकी न केवल पुलिसिंग को अधिक प्रभावी एवं जनहितकारी बनाएंगे, बल्कि आमजन की सुरक्षा, सुविधा और त्वरित न्याय तक उनकी पहुंच को भी सुनिश्चित करेंगे। पुलिस चौकी का आधुनिकीकरण पुलिस कर्मियों को सुसज्जित सुविधाएं, जिससे वे अपने कर्तव्यों का निर्वहन अधिक दक्षता और समर्पण के साथ कर सकेंगे।

# अपराध नियंत्रण व कानून-व्यवस्था सुदृढ़ रखने हेतु पुलिस का पैदल गश्त अभियान तेज



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह वरिष्ठ**

हापुड़ जनपद में अपराध नियंत्रण, शांति व्यवस्था एवं कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में लगातार प्रभावी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारियों द्वारा मय पुलिस बल अपने-अपने थाना क्षेत्रों के प्रमुख बाजारों, संवेदनशील मार्गों, चौराहों तथा महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों पर सघन पैदल गश्त अभियान चलाया जा रहा है ।गश्त के दौरान पुलिस टीमों द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की सघन चेकिंग की जा रही है, साथ ही आमजन से संवाद स्थापित कर सुरक्षा का भरोसा दिलाया जा रहा है। पुलिस की इस सक्रियता से असामाजिक तत्वों में भय का वातावरण बना हुआ है तथा आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना सुदृढ़ हो रही है ।पुलिस विभाग की कार्यशैली में सतर्कता, तत्परता एवं जनसहभागिता स्पष्ट रूप से देखने को मिल रही है। अधिकारी स्वयं सड़क पर उतरकर व्यवस्थाओं का जायजा ले रहे हैं, जिससे अधीनस्थ कर्मियों का मनोबल भी बढ़ रहा है। नियमित गश्त, त्वरित चेकिंग और जनता से सकारात्मक संवाद पुलिस की प्रोफेशनल एवं जिम्मेदार कार्यप्रणाली को दशार्ता है ।जनपद पुलिस का यह अभियान निरंतर जारी रहेगा, ताकि क्षेत्र में शांति, सुरक्षा और कानून का राज कायम रह सके तथा नागरिक निर्भय होकर अपने दैनिक कार्य कर सकें।

# प्रभारी कोतवाल ने ली ग्राम प्रहरियों और चौकीदारों की बैठक



**वेलकम इंडिया**

बागेश्वर, पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन में जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने हेतु कोतवाली बागेश्वर परिसर में ग्राम प्रहरियों/ चौकीदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रभारी कोतवाल और वरिष्ठ उपनिरीक्षक खष्टी बिष्ट द्वारा बैठक लेते हुए सभी को निर्देशित किया गया कि वे अपने क्षेत्रों में किसी भी संदिग्ध गतिविधि, बाहरी व्यक्तियों के आगमन या अवैध कार्यों की सूचना तत्काल पुलिस को उपलब्ध कराएं ।ग्राम स्तर पर रह रहे बाहरी व्यक्तियों के अनिवार्य सत्यापन हेतु ग्राम प्रहरियों से पुलिस का सहयोग करने की अपील की गई ।गांवों में बढ़ते नशे के दुष्प्रभावों और सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु चर्चा की गई ।साथ हीआपसी विवादों के त्वरित समाधान और सामाजिक सौहार्द बनाए रखने में ग्राम प्रहरियों की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया गया।

# टाल मटोल करने वाले कर्मचारी हो जाएं सावधान सरकारी आदेश, प्राप्त शिकायतों की देनी होगी तत्काल पावती रसीद ई मेल से भेजी शिकायतें भी होंगी स्वीकार: राजा भईया



**वेलकम इंडिया**

राजस्थान के लगभग सभी विभागों में विशेषकर पुलिस विभाग में पीड़ित शिकायतकर्ता को उनकी दी गई शिकायतों की रिसीविंग/ पावती रसीदें नहीं दी जाती हैं जिसके लिए पिछले काफी लंबे समय से आरटीआई कार्यकर्ता एवं हिन्दुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा दिल्ली हाई कोर्ट के एडवोकेट राजेन्द्रसिंह तोमर राजा भईया प्रयासरत थे अब उनकी मेहनत रंग लाई है और प्रदेश के प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग अनुभाग एक के मुख्य सचिव डी बी गुप्ता एवं प्रमुख शासन सचिव आर वेंकटेश्वरन ने अपने संयुक्त आदेश जो कि वर्ष 2019 में ही लागू किया हुआ था, का कड़ाई से पालन करने हेतु सभी विभाग अध्यक्षों को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि किसी भी पीड़ित शिकायतकर्ता को उसकी दी गई शिकायतों की पावती रसीदें तत्काल जारी की जाएं और संबंधित अधिकारी के नाम उनकी अधिकृत ई मेल पर भेजी शिकायतें/परिवाद भी स्वीकार होंगे, आदेश, परिपत्र की प्रति वर्तमान शासन सचिव राजस्थान सरकार ने राजा भईया को भेजते हुए अपने उक्त आदेश से अवगत कराया है, राजा भईया ने आज पत्रकारों को इस बाबत आदेश की प्रति भेजते हुए बताया कि बड़े अचरज की बात है कि वर्ष 2019 में जारी उक्त आदेश की पालना स्वयं सरकारी अधिकारी और कर्मचारी ही नहीं कर रहे थे, अब पीड़ितों को उक्त आदेश की पालना से कोई नहीं बचा सकता पीड़ित चाहे तो ई मेल द्वारा भी अपनी शिकायतें संबंधित अधिकारियों को उनकी अधिकृत ई मेल पर भेज कर दर्ज करा सकते हैं।

# हरहुआ में सम्राट वस्त्रालय का उद्घाटन, क्षेत्रीय लोगों में उत्साह



**वेलकम इंडिया**

**वाराणसी मिजार्मुराद ।** अजगरा विधानसभा क्षेत्र के हरहुआ स्थित ग्राम दासेपुर में रविवार को सम्राट वस्त्रालय का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में भाजपा के प्रोटोकॉल प्रभारी एवं किसान मोर्चा काशी क्षेत्र के उपाध्यक्ष शैलेश पांडेय ने फीता काटकर प्रतिष्ठान का शुभारंभ किया। इस अवसर पर शैलेश पांडेय ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में इस तरह के प्रतिष्ठान खुलने से स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी, साथ ही युवाओं के लिए रोजगार के अवसर भी सृजित होंगे। उन्होंने प्रतिष्ठान के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन समारोह में सोनू प्रधान, राजीव चौहान, प्रदूम चौहान, शोभनाथ पांडेय, प्रदीप सिंह (दूलदूल) सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में उत्साह और हर्ष का माहौल देखने को मिला।

# संत शिरोमणि गुरु रविदास की शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई

**वेलकम इंडिया**

गाजियाबाद गत वर्षो की भांति इस वर्ष भी संत रविदास महासभा द्वारा संतों में संत संत शिरोमणि जगत गुरु रविदास जी की 649 वीं जयंती समारोह बड़े हर्ष के साथ मनाई गई जिसमें विशाल शोभा यात्रा आयोजन पूर्व वर्षों की तरह बहुजन समाज में जन्मे संतो गुरु महापुरुषों की झांकी निकाली गई शोभायात्रा का शुभारंभ रमाशंकर (एसडीएम न्यायिक मोदी नगर) के द्वारा फीता काटकर किया गया और यात्रा को कोतवाली नगर प्रभारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर आगे की तरफ प्रस्थान किया गया शोभायात्रा नवयुग मार्किट जाटव वाढा से शुरू होकर नगर निगम जीडीए पुराना बस स्टैंड दीना गढ़ी रामा गढ़ी प्राणगढ़ी मालिवाडा चौक कल्लू पूरा डासाना गेट रमते



राम रोड जी टी रोड रेलवे रोड बजरिया होते हुए घंटा घर से चौपला मंदिर नवयुग मार्किट डॉ अम्बेडकर पार्क पहुंच कर सभा में परिवर्तत हो गयी चौक शहर के मुख्य मार्गो मे कई जगह स्वागत व जलपान की व्यवस्था लोगो नें की जिसमे मुख्यता रमते राम रोड पहुंची जहां पर बिट्टू भाई द्वारा फूलो की वर्षा के साथ स्वागत किया गया उसके बाद रामानुज दयाल मार्किट मे जेपी शूज द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत किया गया और खाद्य सामग्री वितरित की गई उसके उपरांत आगे बजरिया मार्केट में भी स्वागत हुआ और जलपान कराया गया यात्रा का नवयुग मार्केट स्थित डॉ अंबेडकर पार्क में समापन सभा हुई जिसमे बतौर मुख्य अतिथि डॉ राजीव कुमार एसपी (विजिलेंस मेरठ) ने गुरुजी के मार्ग पर चलने का संदेश दिया और अध्यक्ष संजीव के बखरवा जी और महासचिव शीलंकुर केन और कोषाध्यक्ष गौरव बौद्ध ने गुरूजी के जीवन पर प्रकाश डाला और सभी का धन्यवाद आभार व्यक्त किया मुख्य रूप से संगीत लता केन, कमलेश कुमारी, शारदा कुमारी सुमन बौद्ध, विपिन केसरी, रिंकी अमृत कौर जग रोशनी देवपाल हरित शेरसिंह रामेश्वर दत्त जयवीर सिंह टी सी वर्मा राहुल अम्बेडकर अशोक सेठ डॉ पवन गौतम ओंकार पहलवान डॉ अम्बेडकर जन्मोत्सव समिति भारतीय बौद्ध महासभा व राष्ट्र निर्माण महिला संघ आदि सैकड़ो लोग शामिल हुए और कार्यक्रम का समापन किया इस मौके पर शहर के सभी सम्मानित व्यक्तियों द्वारा इस शोभायात्रा में उपस्थित रहे।

## लक्ष्य बने मिस्टर फेयरवेल खुशी बनी मिस फेयरवेल जे पी विद्या मंदिर तौमडी में हुआ आयोजन



**वेलकम इंडिया**

औरंगाबाद/बुलंदशहर जे पी विद्या मंदिर तौमडी में शनिवार को बारहवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए विशेष कार्यक्रम आयोजित कर भावभीनी विदाई दी गई। सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्या सुनीता सिंह ने दीप प्रज्वलित कर पुष्पार्चन करके किया। अपने संबोधन में उन्होने कहा कि जीवन में ईमानदारी लगन और मेहनत से निरंतर प्रयास करें तो हर लक्ष्य हासिल किया जाना संभव है। तनाव मुक्त परीक्षा दें। असफलता से निराश ना होकर और अधिक बेहतर प्रयास करें। इस अवसर पर सीनियर कक्षाओं के बच्चों ने अनेक शिक्षाप्रद सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और विभिन्न मनोरंजक खेल खेले। कक्षा ग्यारह की छात्राओं ने सामूहिक सांस्कृतिक नृत्य नाटिका प्रस्तुत कर सभी को मुग्ध कर दिखाया। बच्चों ने हास्य नृत्य करते हुए वातावरण में उमंग और उत्साह का संचार कर दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण छात्रा सारिका और मिस फेयरवेल खुशी द्वारा प्रस्तुत नृत्य रहा। कार्यक्रम का संचालन कक्षा ग्यारह की छात्राओं दृष्टि और रूही द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। निर्णायक मंडल ने लक्ष्य को मिस्टर फेयरवेल और खुशी को मिस फेयरवेल चुना। निर्णायक मंडल में प्रधानाचार्या के अलावा दीप्ति शर्मा और मनीष चौधरी शामिल रहे। संदीप चौधरी, राखी, नीवी अग्रवाल जितेश कुमार जितेंद्र भारद्वाज चंद्र प्रताप सिंह प्रमोद खरवार योगेश कुमार बृजेश कुमार आदि शिक्षक शिक्षिकाओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया। विदाई ले रहे सभी बच्चों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया। फोटो सेशन और भोज द्वारा समारोह को यादगार बना दिया गया।

## केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण जी के बजट पर व्यापारी नेता अनिल देशभक्त की प्रतिक्रिया

**वेलकम इंडिया**



बुलंदशहर आज के बजट 2026 में व्यापारियों के लिए कई सकारात्मक पहलू हैं। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने टरटए (माइक्रो, स्मॉल और मीडियम एंटरप्राइजेज) के लिए 10,000 करोड़ रुपये का विशेष फंड आवंटित किया है, जिससे उन्हें बेहतर क्रेडिट एक्सेस और आसान कंप्लायंस मिलेगा। इसके अलावा, सरकार ने ऋरळ प्रक्रिया को सरल बनाने का भी ऐलान किया है, जिससे व्यापारियों को फायदा होगा व्यापारियों के लिए लाभ टरटए ग्रोथ फंड्ः 10,000 करोड़ रुपये का फंड व्यापारियों को बढ़ने में मदद करेगा। बाजार प्रतिस्पर्धा्ः बड़े उद्योगों के लिए समर्थन से छोटे व्यापारियों को प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। कर प्रशासन्ः कुछ नए कर नियमों से व्यापारियों को जटिलताएं आ सकती हैं। इन घोषणाओं से व्यापारियों को अपनी व्यवसाय बढ़ाने और देश की आर्थिक वृद्धि में योगदान देने में मदद मिलेगी।

## आगरा के नवागत मण्डल आयुक्त नागेन्द्र प्रताप ने संभाला पदभार

**वेलकम इंडिया**



**मथुरा।** आगरा मण्डल के नव नियुक्त कमिश्नर नागेन्द्र प्रताप ने रविवार को आयुक्त आगरा मण्डल, आगरा के रूप में पदभार ग्रहण कर लिया। पदभाग ग्रहण करने के दौरान मण्डल आयुक्त पद से सेवानिवृत्त हुए शैलेन्द्र कुमार सिंह और जिलाधिकारी अरविन्द मलप्पा बंगारी, अपर आयुक्त प्रशासन राजेश कुमार, अपर आयुक्त न्यायिक श्रीमती मंजूलता और आयुक्त पीए पदम चंद्र मिश्रा ने नवागत मण्डल आयुक्त का पदभार ग्रहण करने पर नागेन्द्र प्रताप को बधाई दी। इससे पूर्व नवागत आयुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। बता दें कि नवागत मण्डल आयुक्त नागेन्द्र प्रताप वर्ष 2010 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और मूल रूप से इटावा के रहने वाले हैं। वर्तमान में वे यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण में अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी थे। इससे पूर्व वे वर्ष 2016 में आगरा में मुख्य विकास अधिकारी, वर्ष 2017 में लखनऊ यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी और वर्ष 2018 में मथुरा में यूपी ब्रज तीर्थ विकास परिषद के मुख्य कार्यपालक अधिकारी के साथ मथुरा-वृन्दावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष तथा वर्ष 2024 में बांदा जिला के जिलाधिकारी के रूप में अपना दायित्व निर्वहन कर चुके हैं।

## प्रकृति का अद्भुत उपहार हैं पक्षी : भारत भूषण गर्ग



**वेलकम इंडिया राजेंद्र सिंह**

**गढ़मुक्तेश्वर।** बूढ़ी गंगा के किनारे स्थित प्रसादीपुर वन ब्लॉक में बर्ड वॉचिंग डे का कार्यक्रम पर्यावरणविदों द्वारा उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर पर्यावरण प्रेमियों ने पक्षियों के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के महत्व पर जोर दिया पर्यावरणविद् भारत भूषण गर्ग ने कहा कि पक्षी प्रकृति का अद्भुत उपहार हैं और आज का दिन उनके बीच रहकर उन्हें जानने-समझने का विशेष अवसर प्रदान करता है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में प्रकृति भी पक्षियों के अनुकूल वातावरण उपलब्ध करा रही है, जिससे उनकी चहचहाहट और अधिक सुनाई दे रही है। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2014 में भारत में रामसर साइट की संख्या 26 थी, जो वर्ष 2026 तक बढ़कर 98 हो गई है। यह बढ़ते पर्यावरण संतुलन और संरक्षण प्रयासों का सकारात्मक परिणाम है। इटावा स्थित पटना बर्ड सेंचुरी को रामसर वेटलैंड का दर्जा मिलना भी सभी के लिए हर्ष का विषय है। भारत भूषण गर्ग ने आगे कहा कि आज अनेक सामाजिक संस्थाएं पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में विविध कार्य कर रही हैं। स्वामी विवेकानंद विचार मंच एवं लोक भारती के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश की छोटी-छोटी नदियों को पुनर्जीवित करने के लिए समाज के सहयोग से गंभीर प्रयास जारी हैं। इस अभियान में शाहजहांपुर की भैंसी नदी, हापुड़ जनपद की बूढ़ी गंगा तथा मुरादाबाद की गागन नदी प्रमुख केंद्र बिंदु बनी हुई हैं। कार्यक्रम के दौरान सरदार गुरप्रीत सिंह, टीकम सिंह, मूलचंद आर्य एवं शीशराम सिंह सहित अनेक पर्यावरण प्रेमियों की उपस्थिति विशेष रूप से उल्लेखनीय रही।

## रसायन विज्ञान विषय कठिन नहीं सिर्फ समझने की जरूरत- इसरार अहमद

**वेलकम इंडिया**



**संतकबीरनगर।** अगर आप भी माध्यमिक शिक्षा परिषद तथा यूपी बोर्ड से संबंधित रसायन विज्ञान विषय में अध्ययन कर रहे हैं, लेकिन आपके मन में यही सवाल है कि रसायन विज्ञान के पेपर के लिए किस तरह की तैयारी करें जिससे कि अच्छे नंबर आए. इन्हीं बातों को देखते हुए दैनिक वेलकम इंडिया की टीम द्वारा विकास खंड क्षेत्र सेमरियावां स्थिति एम एन इंटर कॉलेज के रसायन विज्ञान के शिक्षक इसरार अहमद से खास बातचीत की गई, जिन्होंने युवाओं को विभिन्न प्रकार के टिप्स दिए। रसायन विज्ञान की शिक्षक इसरार अहमद कहते हैं कि रसायन विज्ञान कठिन विषय नहीं है सिर्फ छात्र-छात्राएं कठिन समझते हैं. उन्होंने कहा कि अगर रसायन विज्ञान का अच्छे से अध्ययन किया जाए, तो उसमें काफी अच्छे नंबर आते हैं. उन्होंने कहा सबसे महत्वपूर्ण यह है कि आप समीकरण का विशेष ध्यान रखें, क्योंकि समीकरण बनाते समय अगर आप हल्की सी भी गलती कर देंगे, तो उसमें आपके नंबर कट सकते हैं. इसलिए, समीकरण की वैल्यू का विशेष ध्यान रखें.साथ ही उन्होंने बताया कि जिस तरह से गणित में प्रैक्टिस काफी महत्वपूर्ण होती है। इसी प्रकार से रसायन विज्ञान में भी जितनी ज्यादा प्रैक्टिस करेंगे उतना ही आपके लिए फायदेमंद है। उन्होंने बताया कि अगर आप फामूर्ले बनाने की प्रैक्टिस कर रहे हैं, तो ऐसे सभी परीक्षार्थियों को एल्डिहाइड फंक्शनल का विशेष रूप से ध्यान रखना चाहिए, जिससे की नए कंपाउंड बनाने में आपको मदद मिल सके।

## परम पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव जयंती महोत्सव शोभायात्रा निकाली गई




**वेलकम इंडिया**

**रामघाट/बुलंदशहर**/जरगवां गांव में ब्रह्मकुमारी सेवा केंद्र जरगवां में परम पिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय द्वारा शिव जयंती महोत्सव शोभायात्रा का शुभारंभ पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव ने भगवान शिव का पूजन कर शिव ध्वज दिखाकर शुभारंभ किया। ब्रह्मकुमारी दीदीओं माताओं द्वारा कलश रखकर शोभायात्रा परम पिता परमेश्वर को याद करते हुए बाजार रामलीला मैदान होते हुए सेवा केंद्र पर संपन्न हुई शोभायात्रा का ग्रामीणों ने जगह-जगह फूल वर्षा कर स्वागत किया। सेवा केंद्र पर यात्रा के वापस आने पर बहनों द्वारा सत्संग किया गया सत्संग के माध्यम से परमपिता परमेश्वर को याद किया गया स्थानीय सेवा केंद्र प्रभारी बहन ललितेश द्वारा बाहर से आई सभी बहनों का स्वागत किया गया। जिला संयोजक अलीगढ़ शिव कुमार शर्मा द्वारा ब्रह्माकुमारी आश्रम के बारे में सभी माता बहनों को विस्तार से बताया गया। शोभायात्रा में अलीगढ़ से बहन कमलेश पहासू से नीरू क्वारसी से हषा देवी नगला से द्रौपदी सिंगरौली से सर्वेश नीरज हरदुआगंज से मेघा सुवीन भारद्वाज आईपीसी एडवोकेट रोहतास यादव वेद प्रकाश यादव योगेश भारद्वाज लोकेश्वर भारद्वाज नवीन भारद्वाज मूलचंद प्रजापति आदि शोभायात्रा में उपस्थित रहे शोभायात्रा में पुलिस उप निरीक्षक एमएस सिंह मय पुलिस बल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे।

## पुराने आयकर कानून 1961 का अस्तित्व सरकार ने किया समाप्त, नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 के तहत सभी करदाता अपनी आयकर विवरणी करेंगे दाखिल - सीए जय प्रद्धवानी

**(संतोष कुमार सिंह)**



**वाराणसी** :- आईसीएआई वाराणसी के पूर्व अध्यक्ष सीए जय प्रद्धवानी ने मिडिया से वार्ता कर बताया की एक फरवरी रविवार को पेश किये केंद्रीय बजट सरकार के लांग टर्म विजन को दिखलाता है सरकार ने बजट प्रस्तुति में लोक लुभावनी घोषणायें ना करके ग्रोथ पर अपना फोकस केंद्रित किया है अब नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 के तहत सभी करदाता अपनी आयकर विवरणी दाखिल करेंगे पुराने आयकर कानून 1961 का अस्तित्व सरकार ने समाप्त कर दिया है वित्तमंत्री सीतारमण का यह ऐतिहासिक बजट कहलायेगा पूरी तरह से ग्रोथ ओरिएंटेड बजट उन्होंने पेश किया है जो देश की अर्थव्यवस्था को तेजी के साथ आगे ले जाने का काम करेगा नए इनकम टैक्स एक्ट 2025 के प्रावधान काफी सरल भाषा में लिखे गए है जो की एक आम आदमी को भी आसानी से समझ में आ जाने चाहिए टैक्स स्लैब में कोई भी परिवर्तन नहीं किया गया है जिसका मतलब हुआ कि अगले वितीय वर्ष 2026-27 में जिसकी भी इनकम बारह लाख रुपए तक की होगी उसे एक रुपया भी इनकम टैक्स नहीं भरना पड़ेगा सैलरी वालो की आमदनी अगर 12.75 लाख तक की रहती है तो भी उनको कोई भी आयकर नहीं लगेगी इस वर्ष वित्तीय घाटा 4.4 प्रतिशत का अनुमानित है और अगले वर्ष का वित्तीय घाटा 4.3 प्रतिशत रखा है वित्त मंत्री ने जिसे वो बाजार से कर्ज. ले कर पूरा करेंगी बारह लाख रुपए के कैपिटल निवेश की घोषणा निश्चित ही स्वागत योग्य है इससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और इकोनॉमी को ग्रोथ का जबरदस्त बूस्ट मिलेगा दिल्ली से सिलीगुड़ी हाई स्पीड रेलवे कॉरिडोर बनने से वाराणसी को बहुत फायदा होना लाजमी है।

## थाना महुली पुलिस ने गैंगेस्टर एक्ट में वांछित 03 अभियुक्तो को किया गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी धनघटा अभयनाथ मिश्र के निकट पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष महुली रजनीश राय की गठित टीम हे0का0 तबरेज अहमद, हे0का0 श्रीकान्त यादव, हे0का0 मिथिलेश्वर चौधरी, का0 बब्बल यादव, का0 अभिषेक सिंह, म0का0 पूजा चौहान ने मु0अ0सं0 49/ 2026 धारा 3(1)/2(बी)(1) उत्तर प्रदेश गिरोहबन्द एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम थाना महुली से सम्बन्धित वांछित अभियुक्तगण शिव प्रकाश अग्रहरि पुत्र स्व0 सजनलाल अग्रहरि, कौशल अग्रहरि उर्फ कौशल किशोर अग्रहरि, कैलाश अग्रहरि उर्फ कैलाशचन्द दास पुत्रगण शिव प्रकाश अग्रहरि निवासीगण मुखलिसपुर थाना महुली को रविवार को विधिक नियमों का पालन करते हुये गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## बाराही देवी मंदिर से परियर घाट से जल लेने जत्था रवाना

**वेलकम इंडिया**



माल क्षेत्र के अटेर गांव में स्थित प्रसिद्ध सिद्ध पीठ मां बाराही देवी मंदिर से उन्नाव के परियर घाट से जल भरने के लिए युवाओं का जत्थे को ग्रामीणों ने फूल माला पहनाकर रवाना किया। रविवार को माघ पूर्णिमा के अवसर पर शाम पांच बजे मां बाराही देवी मंदिर से युवा प्रथम तूफानी डाक कांवड़ यात्रा को ग्रामीणों ने श्रद्धा और उत्साह के साथ परियर (उन्नाव) से गंगाजल लेने के लिए रवाना किया। यह पहला मौका था जब गांव के युवा इतनी तेज गति और जोश के साथ गंगाजल लेने रवाना हुए। परियर से गंगाजल लेकर बाराबंकी स्थित लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेंगे। सैकड़ों युवाओं ने हर हर महादेव, और बोल बम जयघोषों के साथ यात्रा की शुरूआत की। यह डाक कांवड़ यात्रा सोमवार की सुबह गंगाजल भरकर पूजा अर्चना के साथ लोधेश्वर महादेव का जलाभिषेक करेगी। इस अवसर पर युवाओं ने अनुशासन, भक्ति, और सामूहिक ऊर्जा का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया है। गांव के बुजुर्गों, महिलाओं और बच्चों ने भी यात्रा का स्वागत करके भेजा। यह आयोजन न केवल अटेर गांव के इतिहास में एक नई शुरूवात है, बल्कि आने वाले वर्षों में इस यात्रा को और भव्य स्वरूप देने का संकल्प भी लिया गया।

## पुलिस की सक्रियता से बरामद हुआ गुम मोबाइल, होमगार्ड ने मालिक को सौंपा




**वेलकम इंडिया**

**मथुरा/गोवर्धन।** थाना क्षेत्र में एक गुम मोबाइल पुलिस की तत्परता से बरामद कर उसके मालिक को सौंप दिया गया। मोबाइल वापस मिलने पर स्वामी ने पुलिस टीम और होमगार्ड का आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार सुभाष सिंह निवासी नथुसर गेट के अंदर, वारह गुवाड़ चौक, बीकानेर (राजस्थान) का मोबाइल सुबह कहीं गुम हो गया था। काफी तलाश के बाद भी मोबाइल का पता नहीं चल सका। इसके बाद मोबाइल की लोकेशन के आधार पर खोजबीन शुरू की गई।

## नोडूज के नाम पर किसान का शोषण एसडीएम से किसान ने की शिकायत

शिकारपुर क्षेत्र के गांव शेखपुर निवासी किसान धर्मेंद्र ने बैंक मैनेजर पर नोडूज के नाम पर लगाया सुविधा शुल्क मांगने का आरोप एसडीएम को दिया शिकायती पत्र। आपको बता दें कि शनिवार को किसान धर्मेंद्र ने यूनियन बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ एक शिकायती प्रार्थना पत्र एसडीएम अरुण कुमार वर्मा को दिया है जिसमें आरोप लगाया है कि नोडूज बनवाने के नाम पर मैनेजर ने सुविधा शुल्क की मांग की है किसान ने साथ ही बताया है मैंने बैक का रुपया जमा कर दिया है और मुझे करीब चार माह हो गए हैं जब से मैं बैंक से नोडूज पाने के लिए चक्कर काट रहा हूं मैनेजर ने कई बार बैंक से टरकाया दिया है।

# समानता, मानवता और कर्म की प्रधानता का संदेश - नरेंद्र कुमार गौतम



वेलकम इंडिया

**लखनऊ:**रविवार को माल के अकबरपुर गांव में संत शिरोमणि गुरु रविदास की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक समरसता और समानता का संदेश दिया गया।कार्यक्रम का आयोजन संत शिरोमणि रविदास चेतना समिति अध्यक्ष रामदयाल भारती ने किया। कार्यक्रम में शामिल हुए नरेंद्र कुमार गौतम ने संत रविदास के जीवन और विचारों पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि संत रविदास का जन्म वाराणसी में माघ पूर्णिमा के दिन हुआ था। उन्होंने पाखंड, आडंबर और सामाजिक कुरीतियों का विरोध करते हुए समानता, मानवता और कर्म की प्रधानता का संदेश दिया।गौतम ने यह भी कहा कि संत रविदास उन शुरूआती संतों में से थे जिन्होंने जातिवाद, भेदभाव और छुआछूत का खुलकर विरोध किया।इस मौके पर डाक्टर उमेश कुमार, भारत, रामासरे,जयराम, रामचंद्र, भगवानदीन, गुरुचरण,अजय चौधरी, गौरव,सहित दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहें।

# दौलतपुर कलां में भारत कृषि सेवा केंद्र दुकान का शुभारंभ



वेलकम इंडिया

**स्याना.(बुलंदशहर)** ऊंचागांव विकासखंड क्षेत्र के गांव दौलतपुर कलां में भारत कृषि सेवा केंद्र दुकान का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक देवेन्द्र सिंह लोधी ने फीता काट कर दुकान का विधिवत उदघाट्न किया। भारत कृषि सेवा केंद्र दुकान के मालिक रोहित कुमार फरीदा ने बताया कि यह दुकान किसानों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए खोली गई है। जहां उन्हें उचित मूल्य पर रासायनिक उर्वरक , बीज और कीटनाशक दवाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर मुख्य अतिथि भाजपा विधायक देवेन्द्र सिंह लोधी , महेश प्रधान, योगेश सिंह, सुरेश सिंह, कुलदीप कुमार, सोनू लोधी, प्रवेश कुमार, रोबिन कुमार, प्रताप सिंह, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# 501 लीटर जल के साथ दूसरी नन्दी कांवड़ उठाएंगे मोहित चारधाम

वेलकम इंडिया



**जहांगीराबाद।** नगर में रहने वाला मोहित आगामी पर्व शिवरात्रि पर इस वर्ष दूसरी बार 501 लीटर गंगाजल के साथ नन्दी कांवड़ उठाने का संकल्प लिए हुए हैं।501 लीटर गंगाजल उठाने का संकल्प लिए मोहित की रविवार को भव्य स्वागत यात्रा के साथ रवानगी हुई। बता दें कि नगर के मोहल्ला लोधान निवासी मोहित चारधाम गंगाजल यात्रा के लिए नगर से रविवार को रवाना हुए। इस अवसर पर मुख्य मार्ग पर डीजे, ढोल-नगाड़ों और हर-हर महादेव के जयघोष के बीच श्रद्धालुओं ने मोहित के साहस को सहारते हुए सफल यात्रा कामना करते हुए वुजुर्गों ने आशीर्वाद भी दिया।यात्रा को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उल्लास का माहौल देखने को मिला। मोहित द्वारा 501 लीटर पवित्र गंगाजल लाने का संकल्प लिया गया है।गंगाजल यात्रा के शुभारंभ अवसर पर दर्जनों श्रद्धालु उपस्थित रहे।सभी ने मोहित को फूल-मालाएं पहनाकर, तिलक लगाकर तथा मिठाई खिलाकर शुभकामनाएं दीं। यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से मोहित की सुरक्षित, सफल और मंगलमय यात्रा की कामना की।महिलाओं ने मंगल गीत गाए, वहीं युवाओं ने डीजे की धुन पर नृत्य कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने कहा कि गंगाजल यात्रा समाज में धर्म, आस्था और एकता का संदेश देती है। मोहित द्वारा लिया गया यह संकल्प क्षेत्र के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम का समापन प्रसाद वितरण के साथ हुआ। पूरा वातावरण हर-हर महादेव के जयकारों से गूंज उठा। यात्रा के दौरान चौकी प्रभारी दीपक चाहर भी मय पुलिस टीम के मुस्तैद दिखें। यात्रा में युवा भाजपा नेता सारांश मिश्रा, हिमांशु गर्ग, देवेंद्र, अमित, शंकर, सौरभ चौधरी , तुषार गर्ग, अतुल, विपिन, सतीशचंद, नरेशचंद, पुनीत कुमार आदि लोगो ने पहुंचकर स्वागत किया।

# प्रॉपर्टी डीलर ने दोस्त की संपत्ति गिरवी रख 12 करोड़ का लोन लिया, फजीर्वाड़ा उजागर

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में दोस्ती और व्यापारिक संबंध का फायदा उठाकर प्रॉपर्टी डीलर ने करीब 12 करोड़ रुपये का फर्जी लोन लेने का गंभीर मामला सामने आया है।पीड़ित ने थाने में शिकायत दर्ज करवाई है। मामले की जांच एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव की देखरेख में की जा रही है।दिल्ली के शकरपुर निवासी संजीव कुमार त्यागी ने बताया कि उनकी मसूरी, देहरादून के किशनपुर निवासी राजीव त्यागी से व्यापारिक संबंध और दोस्ती रही है।28 मई 2012 को उन्होंने शक्ति खंड, इंदिरापुरम में एक भूखंड खरीदा था और उस पर आवासीय इमारत बनाकर किराये पर दे दिया। संपत्ति के मूल दस्तावेज उनके पास ही थे। पीड़ित ने बताया कि कुछ साल पहले राजीव त्यागी ने विश्वास में लेकर कहा कि वह इन दस्तावेजों को बैंक के अपने लॉकर में सुरक्षित रखेगा। भरोसे में आकर संजीव कुमार ने दस्तावेज आरोपी के पास रखवा दिए। इसके बाद आरोपी ने इन दस्तावेजों का गलत इस्तेमाल कर निजी बैंक से लगभग 12 करोड़ रुपये का लोन पास करवा लिया। लोन चुकाने में असफल रहने पर बैंक ने संपत्ति अपने कब्जे में ले ली, जिससे पीड़ित को फजीर्वाड़े की जानकारी मिली।संज्ञेय बात यह है कि कोर्ट में दायर वाद के दौरान न्यायालय ने उक्त लोन को शून्य कर दिया।

इसके बाद पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर पुनः याचिका दाखिल की गई। एसीपी अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि आरोपी को नोटिस भेजने की प्रक्रिया चल रही है और मामले की गहन जांच की जा रही है।

# रोहनिया विधायक डाक्टर सुनील पटेल ने अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सिंह का केक काटकर मनाया जन्मदिन दी बधाई

(संतोष कुमार सिंह)

**वाराणसी** :- अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सिंह का जन्मदिन रोहनिया विधायक डाक्टर सुनील पटेल और क्षेत्रीय अध्यक्ष डाक्टर नरेन्द्र पटेल के द्वारा वाराणसी मे पार्टी कार्यालय प? केक काटकर समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं सँग बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया` इस मौके प? काफी संख्या मे अतिथि और कार्यकर्त्तागण शामिल हुऐ रोहनिया विधायक डाक्टर सुनील पटेल ने पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सिंह को मोमेंटो देकर सम्मानित कर जन्मदिन की दी बधाई और शुभकामनाएं पार्टी के वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सिंह के जन्मदिन के अवसर पर कार्यकताओं ने केक काटकर एक-दूसरे को मिठाइयां खिलाकर खुशी का इजहार किया` पार्टी के कई बड़े नेताओं और प्रशंसकों ने सोशल मीडिया और व्यक्तिगत रूप से मिलकर अभिमन्यु सिंह को जन्मदिन की बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की` अभिमन्यु सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि कार्यकताओं का यह प्रेम ही उनकी असली ताकत है` अपना दल (एस) के वरिष्ठ नेता अभिमन्यु सिंह का जन्मदिन रोहनिया विधायक डाक्टर सुनील पटेल के कार्यालय मोहनसराय,कर्मदेश्वर महादेव मन्दिर चितईपुर, इंडस्ट्रियल चांदपुर,अवधूत राम भगवान मंडुवाडीह,श्रीराम नगर कालोनी, इन्द्रानगर कलोनी शिव मंदिर चितईपुर, नेवादा सुन्दरपुर,नरिया सुन्दरपुर सहित जगह-जगह कार्यकत्ताओं ने केक काटकर मनायीं खुशियाँ



# कोतवाली पुलिस ने चंद घंटो के भीतर ही किया चोरी का खुलासा



वेलकम इंडिया

**बागेश्वर,**कोतवाली क्षेत्र में एक व्यक्ति दुकान में अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक पेटी घी जिसकी क ीमत लगभग दस हजार बताई गई के चोरी होने की प्राथमिकी दर्ज कराई गई।प्राथमिकी दर्ज होते ही कोतवाल अनिल उपाध्याय ने तत्काल पुलिस टीम को जांच करने के निर्देश दिए। कोतवाली पुलिस ने धारा 303(2)/317(2) बीएनएस में मुकदमा दर्ज किया पुलिस उपाधीक्षक अजय साह के पर्यवेक्षण व प्रभारी निरीक्षक अनिल उपाध्याय के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर आरोपी की गिरफ्तारी हेतु आवश ?क दिशा निर्देश दिए गए। पुलिस टीम द्वारा आरोपी की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक कार्यवाही करते हुएचंद घँटे में सुरागरसी पतारसी कर सीसीटीवी फुटेज चैक कर आवश्यक जानकारी प्राप्त की।कोतवाली पुलिस ने गम्भीरता से जांच करते हुए संदिग्ध व्यक्ति की गहनता से पड़ताल की।जिसके बाद चोरी के आरोपी बिलौना निवासी मयंक शाह उर्फ मिन्टी उम्र 40 वर्ष को चोरी किये गए घी के साथ नगरपालिका पार्किंग गरुड़ रोड पर गिरफ्तार किया गया।आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में भेज दिया गया।

# पुलिस ने 04 शातिर चोरों को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया

कब्जे से चोरी किया गया क्रोकरी का सामान (160 गमले) व घटना मे प्रयुक्त एक छोटा हाथी बरामद। बुलंदशहर थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान मुण्डाखेडा नहर के पास से 04 शातिर चोरों को चोरी किये गये क्राकरी का सामान(160 गमले) व घटना में प्रयुक्त छोटा हाथी सहित वसीम पुत्र रफीक निवासी मौ0 पीरखाँ एक मीनार मस्जिद के पास कस्बा व थाना गुलावठी चांद मौहम्मद पुत्र रहीश निवासी मौ0 मेमरान आहार बाई पास थाना जहांगीराबाद हिलाल पुत्र मेहराज निवासी मौ0 तरीनान कस्बा व थाना खुर्जा नगर नदीम उर्फ गुल्लू पुत्र साबिर निवासी ताज गार्डन मंडी वाली रोड पर थाना गुलावठी को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों की गिरफ्तारी एवं बरामदगी के सम्बन्ध में थाना खुर्जा नगर पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्तों को न्यायिक अभिरक्षा में भेजें गए है।

# भाजपा जिला कार्यालय पर केंद्रीय बजट 2026 का सजीव प्रसारण

वेलकम इंडिया



**बुलंदशहर।** मोदी सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2026 के लिए प्रस्तुत केंद्रीय बजट का सजीव प्रसारण भाजपा जिला कार्यालय, बुलंदशहर पर जिला अध्यक्ष विकास चौहान के नेतृत्व में सुना गया। इस अवसर पर सदर विधायक प्रदीप चौधरी एवं सिकंदराबाद विधायक लक्ष्मी राज सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही।

जिला अध्यक्ष विकास चौहान ने केंद्रीय बजट 2026 को विकसित भारत के संकल्प को साकार करने वाला बताते हुए कहा कि आयकर में छूट से मध्यम वर्ग को बड़ी राहत मिलेगी।उन्होंने फार्मा सेक्टर में निवेश बढ़ाने और बौद्ध मठों के विकास संबंधी प्रावधानों को देश की अर्थव्यवस्था, स्वास्थ्य एवं सांस्कृतिक विरासत के लिए महत्वपूर्ण बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कार्यकताओं, व्यापारी वर्ग एवं प्रबुद्धजनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अपना दल (एस) बुलंदशहर द्वारा संत रविदास जयंती पर ग्राम भैसोड़ा में श्रद्धा एवं सामाजिक समरसता का संदेश

वेलकम इंडिया



**बुलन्दशहर।** महान संत गुरु रविदास जी की जयंती के अवसर पर ग्राम भैसोड़ा में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धापूर्वक नमन किया गया। इस अवसर पर अपना दल (एस) बुलंदशहर के जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि संत रविदास जी के विचारों में न्याय, करुणा और सामाजिक समरसता सर्वोपरि थी, जो आज भी समाज के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

जिला अध्यक्ष ने कहा कि जनकल्याण के लिए संकल्पित एनडीए गठबंधन सरकार, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में ह्लसबका साथ, सबका विकास, सबका सम्मानह्व के मूल मंत्र के साथ समाज के हर वर्ग की आवश्यकताओं को ध्यान में रखकर योजनाओं की आधारशिला रखी गई है।उन्होंने कहा कि गुरु रविदास जी द्वारा प्रज्ज्वलित सामाजिक सद्भाव और मेलजोल का दीपक देशवासियों के मार्ग को सदैव प्रकाशित करता रहेगा।राजकुमार भुर्जी ने कहा कि त्याग और तपस्या के मार्ग पर चलते हुए संत रविदास जी ने जाति और धर्म के आधार पर होने वाले भेदभाव को समाप्त करने के लिए निरंतर प्रयास किए। उनके विचारों और पदचिन्हों पर चलना ही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। इस अवसर पर डॉ. बी.आर. आंबेडकर समिति के अध्यक्ष मामचंद, उपाध्यक्ष अमरपाल सिंह, कोषाध्यक्ष पाल सिंह प्रधान, सचिव श्रीपाल सिंह, संगठन मंत्री पप्पू सिंह, हरपाल सिंह, माणिक कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष राजकुमार भुर्जी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में दीपक गौतम (विधानसभा अध्यक्ष, स्याना), पुरुषोत्तम सैन (जिला उपाध्यक्ष), गोपाल शर्मा (जिला अध्यक्ष, बौद्धिक मंच), धर्मेंद्र चौहान (जिला अध्यक्ष, किसान मंच), लक्ष्मण भुर्जी, नवनीत शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिक्षा के प्रति जागरूकता समय की सबसे बड़ी मांग

वेलकम इंडिया

बाड़मेर राजस्थान 1.02.2026 जैन समाज के प्रतिभावान विद्यार्थियों व प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने को लेकर प्रतापजी की प्रोल स्थित सी. डी. मॉडल स्कूल प्रांगण में जैन श्रीसंघ, बाड़मेर से सम्बद्ध जैन जागृति मंच संस्थान, बाड़मेर की ओर से शिक्षा सत्र 2024-25 का मेडल सम्मान समारोह रविवार को भव्यता के साथ आयोजित हुआ। यह समारोह एसिस्टेट कमिश्नर जीएसटी श्री केवलचन्द बोहरा के मुख्य आतिथ्य, ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बाड़मेर ग्रामीण श्री रमेश कुमार जैन की अध्यक्षता तथा महिला व बाल विकास अधिकारी श्री किशनलाल छाजेड़, श्री रोहित जैन, श्रीमती ईला जैन, मेडल भामाशाह धर्मेन्द्र कुमार छाजेड़ के विशिष्ट आतिथ्य सहित मंच संरक्षक डॉ. बंशीधर तातेड़, मंच




मुकेश बोहरा अमन व जैन समाज के गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ।मंच प्रवक्ता जितेन्द्र बांठिया ने बताया कि जैन प्रतिभावान मेडल सम्मान समारोह का आगाज तीर्थंकर परमात्मा श्री महावीर स्वामी प्रतिमा के समक्ष दीप-प्रज्ज्वलन से हुआ। तत्पश्चात अतिथियों का मंच की ओर से तिलक, माला, साफा व स्मृति-चिन्ह प्रदान कर मान-सम्मान व बहुमान किया गया। इस दौरान 100 जैन प्रतिभावान विद्यार्थियों व प्रतिभाओं को मेडल व प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मंच अध्यक्ष मुकेश अमन ने अपने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों व आगन्तुक गणमान्य नागरिकों व प्रतिभाओं का स्वागत व अभिनन्दन करते हुए कहा कि समय के साथ हमें अपनी दशा और दिशा के बारे में गहराई से चिन्तन करने की जरूरत है। वहीं मंच की ओर से जैन समाज के प्रतियोगी परीक्षा करने वाले विद्यार्थियों के लिए शीघ्र ही आधुनिक स्टडी सेन्टर खोलने की घोषणा की। समारोह के मुख्य अतिथि एसिस्टेट कमिश्नर जीएसटी श्री केवलचन्द बोहरा ने कहा कि शिक्षा पर हमें बहुत अधिक ध्यान देने की जरूरत है।उन्होंनें कहा कि वर्तमान का दौर प्रतिस्पर्धा का दौर है। जिसमें शिक्षा के जागरूकता सबसे बड़ी मांग व जरूरत है।उन्होंनें प्रतिभाओं को सम्मान की शुभकामनाएं दी।समारोह के अध्यक्ष ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बाड़मेर ग्रामीण श्री रमेश कुमार जैन ने कहा कि शिक्षा के बगैर के मनुष्य की पहचान अधूरी है। ऐसे में हमें शिक्षा को महत्व देते हुए अपने बच्चों को बेहतर शिक्षा व उसके बाद प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रेरित करने की जरूरत है।

# जनपद के समस्त थानों द्वारा अलाव के साथ ग्राम सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन में जनपद के समस्त थानों द्वारा शीतकाल को दृष्टिगत रखते हुए अलाव के साथ ग्राम सुरक्षा समिति की बैठकें आयोजित की गईं ।बैठकों के दौरान ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों के साथ चोरी की घटनाओं की रोकथाम के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई ।सदस्यों से अपील की गई कि यदि किसी गांव अथवा मोहल्ले में रात्रि के समय कोई अपरिचित व्यक्ति संदिग्ध अवस्था में दिखाई दे तो तत्काल पुलिस को सूचना दें ।साथ ही दिन के समय विशेष रूप से फेरी लगाने वाले अथवा किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में भी जानकारी देने को कहा गया, जो




क्षेत्र में संदिग्ध रूप से रह रहा हो । ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों को साइबर जागरूकता अभियान के अंतर्गत साइबर अपराधों के प्रति सतर्क एवं जागरूक रहने की अपील की गई । बताया गया कि वर्तमान डिजिटल युग में साइबर ठगी, ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल, ओटीपी धोखाधड़ी, सोशल मीडिया हैकिंग एवं फर्जी लिंक के माध्यम से अपराधी आमजन को अपना शिकार बना रहे हैं । सभी से अनुरोध किया गया कि वे अपना ओटीपी, एटीएम पिन, बैंक विवरण अथवा कोई भी व्यक्तिगत जानकारी किसी अज्ञात व्यक्ति से साझा न करें तथा किसी भी संदिग्ध कॉल, मैसेज या लिंक पर बिना जांच-पड़ताल के विश्वास न करें और न ही क्लिक करें । आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत ग्राम सुरक्षा समिति के सदस्यों से अपील किया गया कि वे अपने-अपने घरों, कालोनियों व व्यवसायिक प्रतिष्ठानों पर सीसीटीवी कैमरें जरुर लगवाएं और कम से कम एक कैमरे से सड़क पर भी निगरानी रखें, जिससे कि अपराधिक व असामाजिक तत्वों पर निगरानी रखी जा सके, आपका यह छोटा सा प्रयास कानून व्यवस्था बेहतर करने में बहुत कारगर होगा ।साथ ही यह भी सुनिश्चित करने को कहा कि सीसीटीवी कैमरे निरंतर क्रियाशील रहें ताकि किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तत्काल कार्रवाई की जा सके ।

# पत्नी ओर दो बेटियों के हत्यारे पर पुलिस ने लगाई रासुका

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत में पत्नी व दो बेटियों की हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा व सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। आरोपी की जमानत डालने के विरोध में सैकड़ों लोगों ने निकाला कैंडल मार्च निकालकर फांसी की मांग की थी। पुलिस ने आरोपी पर रासुका की कार्रवाई की है।






थाना क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी फारूख ने अपनी पत्नी ताहिरा की बिना बुर्का पहनकर अपने घर चले जाने से नाराज होकर नौ दिसंबर की रात्रि को गोली मारकर हत्या कर दी थी। गोली की आवाज सुनकर 14 वर्षीय बेटी आफरीन की आंख खुल गई थी। फारूक ने अपनी बेटी आफरीन को भी गोली मार दी थी, जैसे ही आफरीन को गोली मारी तो आठ वर्षीय सहरीन की भी आंख खुल गई थी। आरोप है कि फारूक ने सहरीन की भी गला दबाकर हत्या कर दी थी, और तीनों शवों को घर के आंगन में खोदे गए सेफ्टी टैंक में डालकर मिट्टी डाल दी थी और ऊपर से ईंटें बिछा दी थी। कई दिन बीत जाने के बाद परिवार को शक हुआ तो परिवार के लोगों ने फारुख से पत्नी और बच्चों के बारे में पूछताछ की थी। फारूक ने बताया था कि उसने अपनी पत्नी और बच्चों को कोतवाली क्षेत्र के गांव लिलोन में किराए के मकान में रख रखा है। फारूक अपने परिवार के लोगों को लेकर लिलोन पहुंचा तो वहां कुछ नहीं मिला था। देर शाम को फारुख के पिता दाऊद ने फारूक पर पत्नी व दो पोतियों की हत्या करने का शक जताते हुए तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अधिकारियों को जानकारी देकर फारुख को हिरासत में ले लिया था और कड़ाई से पूछताछ की तो फारुख टूट गया था। फारूक ने पुलिस को बताया था कि उसने पत्नी सहित दो बेटियों की हत्या कर घर के आंगन में बने सेफ्टी टैंक में दबा रखा है। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर सेफ्टी टैंक की खुदाई कराई थी। सेफ्टी टैंक के अंदर से पुलिस ने तीनों शवों को बरामद कर पीएम के लिए भेज दिया था। मौके पर मृतक महिला के परिजन भी आ गए थे। जिन्होंने जमकर हंगामा किया था। सूचना पर एसपी एनपी सिंह भी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए थे। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के कब्जे से तीन अवैध तमंचे दस जिंदा कारतूस और सात खोखा कारतूस बरामद किए थे। पुलिस ने मृतक महिला ताहिरा के पिता आमिर अहमद पुत्र जमील अहमद निवासी गांव नरा थाना मंसूरपुर की तहरीर पर अभियोग पंजीकृत कर आरोपी को जेल भेज दिया था। घटना को लेकर महिलाओं तथा लड़कियों में भय व आतंक तथा पुरुषों में आक्रोश की भावना पैदा हो गई थी। परिजनों ने आरोपी की जमानत के लिए याचिका दायर की थी। मृतका के परिजनों गांव व क्षेत्र के सैकड़ों लोग गांव गढ़ी दौलत में आरोपी फारुख की जमानत डालने के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई तथा आरोपी को फांसी दिए जाने की मांग करते हुए पुलिस को ज्ञापन सौंपा था। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए रासुका की कार्रवाई की है। थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार का कहना है कि हत्यारोपी फारूख पर रासुका की कार्रवाई की गई है। ऐसे लोगों पर हुई कड़ी कार्रवाई से समाज के लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास बढ़ेगा।

# दोस्त की संपत्ति के दस्तावेज गिरवी रख 12 करोड़ का लोन लेने का आरोप

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** इंदिरापुरम थाना क्षेत्र में दोस्ती और कारोबारी संबंधों का गलत फायदा उठाकर संपत्ति के दस्तावेज बैंक में बंधक रख करीब 12 करोड़ रुपये का लोन लेने का मामला सामने आया है। अदालत के आदेश पर पुलिस ने आरोपित के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। दर्ज मुकदमे के अनुसार शकरपुर, दिल्ली निवासी संजीव कुमार त्यागी ने बताया कि उनकी जान-पहचान मसूरी, देहरादून के किशनपुर राजपुर रोड निवासी राजीव त्यागी से थी और दोनों के बीच कारोबारी संबंध भी रहे हैं। पीड़ित ने बताया कि उन्होंने इंदिरापुरम के शक्तिखंड क्षेत्र में एक प्लॉट खरीदा था, जिसका विक्रय विलेख 28 मई 2012 को उनके नाम पर पंजीकृत हुआ था।

प्लॉट पर निर्माण कराने के बाद उन्होंने संपत्ति को किराये पर दे दिया था। पीड़ित का आरोप है कि इसी दौरान राजीव त्यागी ने यह कहकर उनसे संपत्ति के दस्तावेज ले लिए कि उसके बैंक में एक लॉकर है, जिसमें वह सुरक्षित रख देगा। विश्वास में आकर संजीव कुमार त्यागी ने अपने संपत्ति के दस्तावेज राजीव त्यागी के लॉकर में रख दिए। आरोप है कि बाद में राजीव त्यागी ने इन दस्तावेजों का दुरुपयोग करते हुए अपनी फर्म 'साईं कंस्ट्रक्शनज्' के नाम पर बैंक से करोड़ों रुपये का लोन ले लिया। पीड़ित का कहना है कि जब आरोपित ने बैंक का लोन चुकता नहीं किया तो बैंक ने उनकी संपत्ति पर कब्जा कर लिया। इसके बाद उन्हें पूरे मामले की जानकारी हुई। पीड़ित ने इस संबंध में राजीव त्यागी, संबंधित बैंक अधिकारियों और अन्य के खिलाफ अदालत की शरण ली, जिसके आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज किया है। एसीपी इंदिरापुरम अभिषेक श्रीवास्तव ने बताया कि अदालत के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच की जा रही है। जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# बजट के नाम पर देशवासियों को झुनझुना पकड़ा गई मोदी सरकार : सतीश शर्मा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** जिला कांग्रेस अध्यक्ष सतीश शर्मा ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे फर्जी और जनविरोधी करार दिया है। उन्होंने कहा कि बजट के नाम पर मोदी सरकार ने देशवासियों को झुनझुना थमाने का काम किया है और जनता की अपेक्षाओं को पूरी तरह नजरअंदाज किया गया है। सतीश शर्मा ने कहा कि बजट में आयकर स्लैब में किसी भी प्रकार का बदलाव नहीं किया गया, जिससे विशेष रूप से मध्यम वर्ग को भारी निराशा हाथ लगी है। उन्होंने कहा कि मध्यम वर्ग सरकार से आयकर में राहत की उम्मीद लगाए बैठा था, लेकिन उसकी सारी उम्मीदें धरी की धरी रह गईं। यही कारण है कि बजट पेश होते ही शेयर बाजार औंधे मुंह गिर गया, जो इस खोखले बजट की सच्चाई को उजागर करता है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बजट को दिशाहीन बताते हुए कहा कि इसमें न तो युवाओं के लिए रोजगार की कोई ठोस योजना है, न किसानों की आय बढ़ाने के लिए कोई प्रभावी प्रावधान और न ही महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस कदम उठाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि महंगाई और बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्याओं से निपटने के लिए भी इस बजट में कोई स्पष्ट रोडमैप नहीं है। उन्होंने कहा कि यह बजट केवल बड़े-बड़े दावों और खोखले वादों का पुलिंदा है, जिसमें आम जनता के हितों की पूरी तरह अनदेखी की गई है। कुल मिलाकर यह बजट हवा-हवाई और फर्जी है, जिससे देश की जनता को कोई वास्तविक राहत नहीं मिलने वाली।

# अपनों पर करम गैरों पर सितम, कब्जाधारियों पर पालिका मेहरबान

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी कस्बे के बाईपास मार्ग पर दबंगों द्वारा सरकारी नाले पर अवैध कब्जा किए जाने का मामला लगातार गंभीर होता जा रहा है। अवैध कब्जेधारियों ने नाले पर अतिक्रमण कर निर्माण कर लिया है, जिसके चलते बाइपास मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। जाम के कारण राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस संबंध में कई बार पालिका प्रशासन से शिकायत की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। आरोप है कि पालिका प्रशासन जानबूझकर इस गंभीर समस्या की अनदेखी कर रहा है। पालिका अध्यक्ष नजमुल इस्लाम की कार्यशैली को लेकर भी सवाल




उठने लगे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि पालिका अध्यक्ष गैरों पर कर्म और अपनों पर सितम की नीति पर काम कर रहे हैं। नियम-कानून केवल चुनिंदा लोगों पर ही लागू किए जा रहे हैं, जबकि दबंगों के अवैध कब्जों पर कार्रवाई से प्रशासन बचता नजर आ रहा है। कस्बे में पालिका प्रशासन ने पुलिस की मदद से कई स्थानों पर से अवैध कब्जे ओर अतिक्रमण को हटवा दिया गया है, लेकिन पालिका प्रशासन बाइपास मार्ग पर अवैध कब्जाधारियों पर मेहरबान है। क्षेत्रवासियों ने जिलाधिकारी से मामले का संज्ञान लेकर सरकारी नाले से अवैध कब्जा हटवाने और जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि यदि शीघ्र समस्या का समाधान नहीं हुआ तो आंदोलन का रास्ता अपनाया जाएगा।

# जलालपुर में किया गया भव्य रविदास जयंती का आयोजन



वेलकम इंडिया

**बुगरासी।** चौकी क्षेत्र के गांव जलालपुर में रविदास जयंती का आयोजन बडे ही हर्षोल्लास के साथ डेढ़ दर्जन से अधिक भव्य झांकियों द्वारा किया गया।सीओ स्याना रामकरण सिंह भारी पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। प्रबंधक नीलम गोतम ने बताया भगवान रविदास की जयंती का आयोजन पिछले 77 सालों से किया जा रहा है जिसमें सर्व समाज के लोग बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हैं सर्व समाज लोग डीजे तथा ढोल नगाड़ों की थाप पर नाचते दिखाई दिए तथा भारत माता जयकारे व देश भक्ति गानों पर झूमते तथा गुलाल उड़ाते गलियों से गुजरते रहे। उन्होंने बताया कि रविदास जी का यह कथन आज भी जिंदा है कि,मन चंगा तो कठौती में गंगा।इस मौके पर सभी जलालपुर वासियों का सहयोग रहा।

# विकास के माध्यम से समाज के हर वर्ग को आगे बढ़ाने वाला बजट : सरदार एस. पी. सिंह



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उत्तर प्रदेश अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व सदस्य एवं पूर्व महानगर संयोजक सरदार एस. पी. सिंह ने इसे देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाने वाला समावेशी एवं प्रगतिशील बजट करार दिया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के वर्ष 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त कदम है। सरदार एस. पी. सिंह ने कहा कि यह बजट कर्तव्यबोध की भावना पर केंद्रित है और इसके तीन प्रमुख उद्देश्य स्पष्ट रूप से परिलक्षित होते हैं। पहला, देश में उत्पादकता को बढ़ावा देना, दूसरा, आम नागरिकों की आकांक्षाओं को साकार करना और तीसरा, समावेशी विकास के माध्यम से समाज के प्रत्येक वर्ग का उत्थान करते हुए उनके विश्वास पर खरा उतरना। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री द्वारा प्रस्तुत बजट में इन सभी पहलुओं को संतुलित रूप से समाहित किया गया है। उन्होंने बताया कि बजट में युवाओं, महिलाओं, किसानों, व्यापारियों और उद्योगपतियों के लिए निवेश और आधारभूत ढांचे से जुड़ी नई योजनाओं को लागू करने का प्रावधान किया गया है, जिससे रोजगार के अवसर बढ़ेंगे और आर्थिक गतिविधियों को गति मिलेगी। इसके साथ ही गरीब, मध्यम वर्गीय परिवारों और बुजुर्गों के हितों को भी ध्यान में रखते हुए लाभकारी प्रावधान किए गए हैं। सरदार एस. पी. सिंह ने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट समावेशी विकास की भावना को मजबूती प्रदान करता है और आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की ओर देश को तेजी से अग्रसर करने वाला है।

# ट्रैक्टर सवारों ने कार सवार युवक का अपहरण कर बनाया बंधक, बेरहमी से की पिटाई

**गाजियाबाद।** मुरादनगर थाना क्षेत्र के रेवड़ा-रेवड़ी मार्ग पर शनिवार शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब ट्रैक्टर सवार युवकों ने एक कार सवार व्यक्ति का अपहरण कर उसे सलेमाबाद गांव ले जाकर बंधक बना लिया और बेरहमी से पिटाई कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पीड़ित को बंधनमुक्त कराया। पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। पीड़ित भूपेंद्र कुमार, निवासी रेवड़ा-रेवड़ी गांव, ने बताया कि वह शनिवार शाम कार से अपने गांव से मुरादनगर की ओर जा रहे थे। जैसे ही वह छज्जुपुर के पास पहुंचे, तभी अचानक एक ट्रैक्टर को उनकी कार के सामने लगाकर रास्ता रोक लिया गया। इससे पहले कि वह स्थिति को समझ पाते, ट्रैक्टर से उतरे तीन युवकों ने उन्हें जबरन कार से बाहर निकाला और ट्रैक्टर की ट्रॉली में डाल दिया।

# गुरु रविदास जी भक्ति आंदोलन के महान संत कवि थे- अब्दुल कलाम

वेलकम इंडिया

**संतकबीरनगर।** विकास खण्ड सेमरियावा में संत रविदास की जयंती श्रद्धा और उल्लास पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे। सेमरियावा ब्लाक के गांव दुधारा स्थित भीम ज्योति बुद्ध विहार परिसर में संत रविदास जयंती भक्ति और उल्लास के वातावरण में मनाई गई। इस अवसर पर ग्राम पंचायत करमाखान के प्रधान प्रतिनिधि मोहम्मद हनीफ खान और दुधारा के ग्राम प्रधान अब्दुल कलाम ने पहुंचकर लोगों को संत रविदास जयंती की शुभकामनायें दीं। इस दौरान ग्राम पंचायत दुधारा के प्रधान अब्दुल कलाम ने कहा कि गुरु रविदास जी (14वीं-15वीं सदी) भक्ति आंदोलन के महान संत कवि थे, जिनका जन्म वाराणसी के पास हुआ और जो मोची का काम करते थे; उन्होंने जाति-पाति का खंडन कर सामाजिक समानता और निर्गुण ईश्वर की भक्ति का संदेश दिया, और उनके भजन गुरु ग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं, जिससे वे रविदासिया पंथ के संस्थापक और समाज सुधारक के रूप में पूजे जाते हैं। उन्होंने कहा कि गुरु रविदासजी मध्यकाल में एक भारतीय संत कवि सतगुरु थे। इन्हें संत शिरोमणि संत गुरु की उपाधि दी गई है। इन्होंने रविदासीया, पंथ की स्थापना की और इनके रचे गए कुछ भजन सिख लोगों के पवित्र ग्रंथ गुरुग्रंथ साहिब में भी शामिल हैं। इन्होंने जात पात का घोर खंडन किया और आत्मज्ञान का मार्ग दिखाया। करमा खान के प्रधान प्रतिनिधि मो. हनीफ खान ने कहा कि गुरु रविदासजी कहते



हैं कि हर मनुष्य का शरीर एक ही प्रकार से बना है—चमड़ी, मांस, हड्डी और रक्त से। जब सभी मनुष्यों की शारीरिक संरचना समान है, तो ऊँच-नीच, जाति-भेद या भेदभाव का कोई अर्थ नहीं रह जाता। सारा जगत चमार कहकर रैदास जी यह बताना चाहते हैं कि जिस आधार पर समाज ने 'चमार' शब्द को नीचा माना, उसी आधार पर पूरी मानवता समान है। दुधारा, जातेडिहा दुबौलिया, मदारपुर, धुसुरा, दरियाबाद, मूड़ा डिहा बेग, परासी गनवरिया से आए श्रद्धालुओं ने प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किये। इस मौके पर राम उजागिर बौद्ध, महफूजुर्रहमान, अब्दुल करीम, पप्पू कुमार, हीरालाल, राधेश्याम, विनोद कुमार, कलीम अहमद, सर्वजीत, राम वृक्ष, रमेश चन्द्र, हीरालाल, श्यामराज, अब्दुल बाकी, फैजान शालीमार, करम हुसेन सहित काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।


# मामूली विवाद में छात्र की चाकूओं से गोदने के बाद गोली मारकर हत्या

वेलकम इंडिया

**कांधला।** संवादाता मोहसिन रहमानी गांव इस्सोपुरटील में दिनदहाडे कक्षा 12 के छात्र की चाकुओं से गोदने के बाद गोली मारकर हत्या की दी। सूचना पर मौके पर सीओ कैराना व एएसपी के साथ अन्य अधिकारियों ने मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का दौरा करने के बाद परिजनों से पूछताछ की है। सूचना पर फॉरेंसिक टीम मौके पर पहुंची और मौके पर खून के नमूने लिए। पुलिस ने मौके से एक 315 बोर का तमंचा भी बरामद किया है। मृतक के परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। गांव इस्सोपुर टील निवासी सलीम का 18 वर्षीय पुत्र अशरद गांव के ही मुरली मनोहर इंटर



कॉलेज में कक्षा 12 का छात्र है। परिजनों के अनुसार रविवार को अरशद अपनी माता इमराना के साथ कैराना कार्य से गया हुआ था, और कैराना से खरीददारी करने के बाद लगभग 02:30 बजे वह गांव लौटा था। इसी दौरान उसके फोन पर उसके दोस्त विराट का फोन आया, जिससे बात करते हुए वह कुछ समय बाद लौटने की बात कहते हुए घर से निकल गया। जिसके बाद परिजनों को सूचना मिली कि अरशद की गांव के बस स्टैंड पर चाकुओं से हमला करने के बाद गोली मारकर हत्या कर दी है। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया, आनन फानन में परिजन घटना स्थल पर पहुंचे तो हत्यारोपी मौके से फरार हो चुके थे। घटना की



सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार के साथ - साथ भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा तथा पुलिस ने तत्काल मौके से घायल अरशद को पीवीआर 112 की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अरशद को मृत घोषित करने के साथ ही परिजनों में कोहराम मच गया।मामले की सूचना सीओ कैराना हेमंत कुमार व एएसपी सुमित शुक्ल ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थल का दौरा कर आस पास के लोगों से पूछताछ की। पुलिस ने मौके से हत्या में प्रयुक्त एक तंमचा बरामद किया है। पुलिस परिजनों से घटना के बारे में पूछताछ कर रही है। वही पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। घटना के बाद से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

# सर्वधर्म सभा ने निर्धन कन्या का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** सामाजिक संस्था ₹सर्वधर्म सभा₹ द्वारा रविवार को छत्रि वाले शिव मंदिर में एक निर्धन कन्या का विवाह संस्कार सम्पन्न कराया गया। ₹सर्वधर्म सभा₹ के संरक्षक संदीप गुप्ता और वरिष्ठ कार्यकर्ता - डॉ. आशाराम गुप्ता ने संयुक्त रूप से बताया की सभा सुयोग्य गरीब कन्याओं का विवाह-आवेदन प्राप्त होने के उपरान्त कन्या के परिवार को जाँच परख कर करती है। यह संस्था द्वारा कराया गया 89वाँ विवाह संस्कार है। सैद्धांतिक रूप से यह विवाह संस्कार बिना किसी दान-दहेज के सम्पन्न कराया जाता है, मगर फिर भी संस्था द्वारा घरेलु उपयोग का कुछ जरूरी सामान उपहार स्वरुप विदाई के समय दिया जाता है। सामाजिक संस्था ₹सर्वधर्म सभा₹ की स्थापना मोदीनगर के प्रमुख उद्योगपति और समाजसेवी मोदीनगर रत्न स्व. सतीश कुमार गुप्ता जी ने 1999 में की थी। तब से ही यह संस्था समाज-कल्याण के विभिन्न कार्यों में जुटी है। नवयुगल दम्पति को आशीर्वाद देने वालों में भूतपूर्व राज्य मंत्री राम किशोर अग्रवाल जी, विधायक श्रीमती मंजू शिवाच जी, मंजीत चौधरी, संतोष अरोड़ा, गोल्डन लायनेस क्लब, जगरानी गौतम, प्रमोद कुमार गुप्ता, बसंत शर्मा, रूप चंद शर्मा, राकेश कंसल, नरेश अग्रवाल, सुरेन्द्र गुप्ता, विजय, बालक राम कश्यप, महेन्द्र शर्मा, सहस्त्र पाल सिंह, वेद प्रकाश गुप्ता, लाजपत राय बंसल, दिनेश चंद्र शर्मा, योगेन्द्र अग्रवाल सहित शहर के अनेक गणमान्य लोग शामिल रहे।



# कक्षा 12 एवं 10 के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह पार्टी का आयोजन



वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** राजकीय आयुध निमार्णी इंटर कॉलेज मुरादनगर में कक्षा 12 एवं 10 के छात्रों के सम्मान में विदाई समारोह पार्टी का आयोजन किया गया। शुभारंभ प्रधानाचार्य शिवनंदन तिवारी द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन किया गया। छात्र सुदर्शन व हरमनजीत सिंह द्वारा सरस्वती वंदना की प्रस्तुति दी गई। प्रधानाचार्य शिवनंदन तिवारी ने कहा कि अनुशासन, परिश्रम और नैतिक मूल्यों को जीवन में अपनाकर ही सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने सभी विद्यार्थियों के उज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्य, शिक्षक महेंद्र सिंह, रविन्द्र चौहान व अन्य सभी शिक्षकों ने छात्रों को बोर्ड परीक्षा के पूर्व कुछ विशेष दिशा निर्देश सलाह दी। विदाई कार्यक्रम में 12 वीं बी के छात्र अंशुल को मिस्टर परफेक्ट और मिस्टर फेयरवेल चुना गय। छात्रों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, गीत, कविता, चुटकुले, शायरी, नृत्य एवं प्रेरक वक्तव्य प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित किया गया।

## केंद्रीय बजट 2026-27: भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त बनाने का रोडमैप: डॉ. पी. एन. अरोड़ा

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** यशोदा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. पी. एन. अरोड़ा ने केंद्रीय बजट 2026-27 पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे भारत की स्वास्थ्य व्यवस्था को सशक्त करने और देश को मेडिकल वैल्यू टूरिज्म का वैश्विक केंद्र बनाने की दिशा में एक विकास-केंद्रित रोडमैप बताया है। डॉ. अरोड़ा ने कहा कि बजट में प्रस्तावित क्षेत्रीय मेडिकल हब और नए आयुर्वेद संस्थानों की स्थापना स्वास्थ्य क्षेत्र तथा इससे जुड़े सहयोगी क्षेत्रों में सार्वजनिक-निजी साझेदारी की व्यापक संभावनाओं को दशार्ती है। ये पहल न केवल बुनियादी ढांचे को मजबूत करेंगी, बल्कि भारत की पारंपरिक और आधुनिक चिकित्सा पद्धतियों को वैश्विक मंच पर नई पहचान दिलाने में भी सहायक होंगी। उन्होंने कहा कि पिछले बजट में 'हील इन इंडियाज पहल को विशेष प्रोत्साहन दिया गया था, जबकि इस वर्ष बजट भाषण में इसका उल्लेख अपेक्षाकृत सीमित रहा है। हालांकि, उन्हें उम्मीद है कि क्रियान्वयन के स्तर पर इस महत्वपूर्ण पहल को और अधिक मजबूती दी जाएगी, जिससे वैश्विक स्वास्थ्य मानचित्र पर भारत की स्थिति और सुदृढ़ हो सके। डॉ. अरोड़ा ने स्वास्थ्य कर्मियों के विकास, बायोफार्मा क्षेत्र को सशक्त बनाने, उन्नत अनुसंधान संस्थानों और डिजिटल स्वास्थ्य पर दिए गए जोर को उत्साहजनक बताया। उन्होंने कहा कि पूंजी निवेश, संरचनात्मक सुधार, कृत्रिम बुद्धिमत्ता और रोबोटिक सर्जरी, लघु एवं मध्यम उद्यम विकास कोष तथा सेमीकंडक्टर मिशन 2.0 जैसे कदम स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बढ़ाने के साथ-साथ नवाचार और शोध को भी नई गति देंगे। उन्होंने यह भी कहा कि ये सभी पहल सहायक उद्योगों को प्रोत्साहित करेंगी, रोजगार के नए अवसर सृजित करेंगी और विकसित भारत के लक्ष्य के अनुरूप एक मजबूत और आत्मनिर्भर पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण में अहम भूमिका निभाएंगी। इसके साथ ही राजकोषीय घाटे को चार प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य वित्तीय अनुशासन और दीर्घकालिक आर्थिक स्थिरता का सकारात्मक संकेत है, जो भारत की विकास यात्रा पर भरोसे को और मजबूत करता है।

## एलिवेटेड और कनावली पुलिया मार्ग भी होगा कैमरों से लैस

**गाजियाबाद।** एलिवेटेड और कनावली पुलिया मार्ग पर लगे कई कैमरे खराब हो चुके हैं। इन कैमरों को बदलकर हाईटेक कैमरे लगवाने के लिए नगर निगम की ओर से कार्रवाई शुरू कर दी गई है। इन कैमरों को आईटीएमएस के कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। महापौर सुनीता दयाल ने बताया कि आईटीएमएस के तहत शहर के 41 चौराहों को कैमरों से लैस किए जाने के बाद अब शहर के आंतरिक मार्गों पर भी लगभग 350 स्थानों पर कैमरे लगाया जाएंगे। इसके अलावा एलिवेटेड और कनावली पुलिया मार्ग के खराब हो चुके कैमरों को बदलने के लिए भी कार्रवाई की जाएगी। इससे अपराध कम करने व नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। नगर निगम की ओर से कैमरों को लेकर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

# तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती को लेकर एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** कस्बा पतला स्थित जनता डिग्री कॉलेज में तृतीय श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती प्रक्रिया में गंभीर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा है। आरोप है कि कॉलेज प्रशासन ने नियम-कानूनों की अनदेखी कर दो अभ्यर्थी दंपतियों से मोटी रकम लेकर पहले से ही नियुक्तियां तय कर दी है।

शिकायतकताओं के अनुसार, प्रबंध समिति ने पारदर्शिता और योग्यता के मानदंडों को दरकिनार कर चहेतों को लाभ पहुंचाने का काम किया है, जिससे अन्य योग्य अभ्यर्थियों के साथ अन्याय हुआ है। मामले की जानकारी मिलते ही प्रभावित पक्ष ने उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में मांग की गई है कि भर्ती प्रक्रिया को तत्काल रद्द किया जाए, निष्पक्ष जांच कराई जाए और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों।



# छह माह से अधूरा सीवर मैनहोल कार्य बना जाम का कारण

वेलकम इंडिया

**साहिबाबाद।** इंदिरापुरम स्थित सीआईएसएफ मार्ग पर पिछले करीब छह माह से सीवर लाइन के मैनहोल निर्माण का कार्य चल रहा है, जो अब आमजन के लिए भारी परेशानी का कारण बन गया है। इस मार्ग से प्रतिदिन गुजरने वाले 50 हजार से अधिक वाहन चालकों को रोजाना भीषण जाम का सामना करना पड़ रहा है, लेकिन नगर निगम की ओर से कार्य को शीघ्र पूरा करने की दिशा में कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है। स्थानीय लोगों के अनुसार, सड़क के एक हिस्से में सीवर मैनहोल निर्माण के चलते बैरिकेडिंग की गई है, जिससे मार्ग संकरा हो गया है। वर्तमान स्थिति यह है कि एक बार में केवल एक ही चार पहिया वाहन निकल पा रहा है। जबकि यह मार्ग पहले से ही अत्यधिक व्यस्त रहता है और विशेषकर सुबह व शाम के समय यहां वाहनों का दबाव कई गुना बढ़ जाता है। नाले के मैनहोल निर्माण के कारण यहां रोजाना जाम की स्थिति बनी रहती है। लोगों ने बताया कि नोएडा और दिल्ली की ओर जाने वाले यात्रियों को महज पांच मिनट का सफर तय करने में 30 से 40 मिनट तक लग रहे हैं, जबकि कई बार यह समय दो से तीन घंटे तक पहुंच जाता है। इससे सबसे अधिक परेशानी नौकरीपेशा लोगों को उठानी पड़ रही है, जिन्हें समय पर कार्यालय पहुंचना कठिन हो गया है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वे लगातार नगर निगम में शिकायत कर रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद निर्माण कार्य की गति में कोई सुधार नहीं हुआ है। जाम से बचने के लिए लोग वैकल्पिक मार्गों का सहारा लेने को मजबूर हैं। इंदिरापुरम के निवासियों को यूपी गेट और सिद्धार्थ विहार होकर आवागमन करना पड़ रहा है, जिससे उन्हें चार से पांच किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है।

## नाकाम होता सामाजिक न्याय आंदोलन और बाबू जगदेव प्रसाद के विचारों की प्रासंगिकता पर सेमिनार आयोजित

वेलकम इंडिया

बाबू जगदेव प्रसाद जयंती के उपलक्ष्य में राजेन्द्र भवन में नाकाम होता सामाजिक न्याय आंदोलन और बाबू जगदेव प्रसाद के विचारों की प्रासंगिकता पर सेमिनार आज 31 जनवरी 2026,आयोजित किया गया कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री व सांसद, खीरू महतो सांसद, डॉ नवल किशोर शाक्य, डॉ नीरज टंडन, इन्द्र राज सैनी, शशि भूषण कुशवाहा, डॉ एस एन गौतम के के कठेरिया समेत काफी संख्या मे बुद्धिजीवी, प्रोफेसर, एडवोकेट व लोग पहुंचे कार्यक्रम का शुरूआत बाबू जगदेव प्रसाद के फोटो पर मालायर्पण के साथ शुरू हुआ, मुख्य अतिथि बाबू सिंह कुशवाहा ने कहा जरूरत है की हमें बाबू जगदेव प्रसाद के बिचारो को जन जन तक पहुंचाया जाए खीरू महतो सांसद ने कहा की बाबू जगदेव प्रसाद का नारा था 100 मे 90 शोषित है हमें उनके विचारों को जन जन तक पहुंचाने के लिए लोगो के बीच जाना चाहिए और छोटे छोटे ग्रूप बनाकर लोगो से बात करना चाहिए कार्यक्रम का मंच संचालन देवेन्द्र भारती ने किया और बाबू जगदेव प्रसाद के जीवन पर विस्तृत रूप से उनका जीवन परिचय रखा कार्यक्रम का अध्यक्षता कमल किशोर कठेरिया ने किया कार्यक्रम का वोट ऑफ थैंक्स : शशि भूषण कुशवंशी, वरिष्ठ समाज सेवी ने किया




## मंदिर जीर्णोद्धार के बाद पुलिस चौकी परिसर में श्रद्धा व सौहार्द का संगम, विशाल भंडारे का आयोजन

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** बुलंदशहर रोड इंडस्ट्रियल एरिया स्थित पुलिस चौकी परिसर में बने मंदिर के जीर्णोद्धार के उपरांत रविवार को विशाल भंडारा कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। धार्मिक श्रद्धा और सामाजिक समरसता से परिपूर्ण इस आयोजन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं एवं गणमान्य लोगों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में डीसीपी सिटी धवल जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ कविनगर एसीपी सूर्यबली मौर्य, कविनगर थाना प्रभारी इंस्पेक्टर अनुराग शर्मा तथा चौकी प्रभारी प्रेम सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक सम्मानित नागरिक एवं सहयोगी बंधु भी शामिल हुए। भंडारा कार्यक्रम के दौरान डीसीपी सिटी धवल जायसवाल ने अपने संबोधन में कहा कि धार्मिक और सामाजिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं तथा आपसी भाईचारे और सौहार्द को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने कहा कि पुलिस केवल कानून व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के साथ मिलकर सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों में सहभागी बनना भी पुलिस की जिम्मेदारी है। ऐसे आयोजन जनता और पुलिस के बीच विश्वास को और सुदृढ़ करते हैं। उन्होंने मंदिर के जीर्णोद्धार और भंडारे के आयोजन के लिए आयोजकों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम सामाजिक एकता को बढ़ावा देते हैं और सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं। एसीपी श्री सूर्यबली मौर्य एवं इंस्पेक्टर श्री अनुराग शर्मा ने भी आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधिकारियों, आयोजकों और उपस्थित नागरिकों के बीच स्नेह मिलन का सौहार्दपूर्ण दृश्य देखने को मिला। इस अवसर पर स्मरणीय क्षणों को चित्रों के माध्यम से संजोया गया।



# देश का किसान और केंद्रीय बजट 2026– शेखर त्यागी, तलहैटा

वेलकम इंडिया

**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** शेखर त्यागी तलहैटा ने कहा कि आज भारत सरकार द्वारा केंद्रीय बजट 2026 प्रस्तुत किया गया। बजट में आर्थिक विकास, अवसंरचना विस्तार तथा विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति के लिए अनेक घोषणाएँ की गई हैं। तथापि, देश का वह महत्वपूर्ण वर्ग जो राष्ट्र की खाद्य सुरक्षा की आधारशिला है — कृषक वर्ग, उसकी अपेक्षाओं की पूर्ति इस बजट में पर्याप्त रूप से होती हुई प्रतीत नहीं होती।

यह सर्वविदित है कि देश की लगभग 70 प्रतिशत जनसंख्या प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से कृषि एवं उससे संबद्ध गतिविधियों पर निर्भर है। इसके बावजूद बजट प्रावधानों में कृषि क्षेत्र के लिए कोई ऐसा ठोस, दूरगामी एवं निर्णायक कदम दृष्टिगोचर नहीं होता, जिससे किसानों की आय, आर्थिक सुरक्षा एवं भविष्य को स्थायित्व मिल सके। बजट के प्रमुख बिंदुओं के संदर्भ में निम्न तथ्य विशेष रूप से उल्लेखनीय हैं–



ड्ड प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना को यथावत रखा गया है, किंतु सहायता राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है।

ड्ड कृषि उत्पादन की लागत निरंतर बढ़ रही है, जबकि किसानों की आय में उसके अनुरूप वृद्धि सुनिश्चित नहीं हो पाई है।

ड्ड किसानों की आय वृद्धि एवं प्राकृतिक तथा बाजार जोखिमों के प्रभाव को कम करने हेतु स्पष्ट और दीर्घकालिक नीति का अभाव परिलक्षित होता है।

ड्ड न्यूनतम समर्थन मूल्य (टरढ) एवं कृषि उत्पादों की बाजार सुरक्षा के विषय में कोई ठोस और स्पष्ट दिशा प्रस्तुत नहीं की गई है।

कृषक वर्ग केवल अल्पकालिक सहायता नहीं, बल्कि स्थिर एवं विश्वसनीय कृषि नीति, सम्मानजनक आय के साधन तथा भविष्य की आर्थिक सुरक्षा की अपेक्षा करता है। यह आवश्यक है कि नीति निर्माण की प्रक्रिया में जमीनी स्तर पर कार्यरत किसानों की वास्तविक परिस्थितियों, चुनौतियों एवं आवश्यकताओं को समुचित रूप से सम्मिलित किया जाए। आशा की जाती है कि सरकार आगामी समय में कृषि क्षेत्र के महत्व को दृष्टिगत रखते हुए किसानों के हित में आवश्यक नीतिगत सुधार एवं ठोस निर्णय लेगी। क्योंकि एक सशक्त किसान ही सशक्त राष्ट्र की नींव रखता है।

# भाजपा से जुड़े लोगों ने बजट की सराहना की, विपक्ष से जुड़े लोगों ने निराशाजनक बजट बताया

वेलकम इंडिया



**मोदीनगर,( अनिल वशिष्ठ)।** बजट पर भाजपा से जुड़े लोगों ने की बजट की सराहना की, दूसरी ओर विपक्षी दलों के नेताओं ने बजट को निराशाजनक बजट बताया तथा जनता के साथ धोखा बताया।

प्रदेश परिषद सदस्य एवं वरिष्ठ जिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष भाजपा स्वदेश जैन ने केंद्र सरकार द्वारा प्रस्तुत किए गए बजट पर कहा कि इस बजट में सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। बजट में किसानों,युवाओं, तथा आम जनता का ध्यान रखा गया है। बजट विकसित भारत की तरफ बढ़ता हुआ कदम है।

भाजपा किसान मोर्चा के जिला मंत्री संजय त्यागी ने कहा कि बजट में आत्मनिर्भर भारत बनाने के लिए प्रावधान किए गए हैं साथ ही युवाओं को रोजगार किसानों फायदा मिले इस ओर ध्यान दिया गया है। दूसरी और किसान नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य डॉ बबली गुर्जर ने कहा कि आज का बजट बहुत निराशजनक है। बजट में किसान गरीब मजदूर नौजवान के लिए कुछ भी नहीं है महंगाई शिक्षा रोजगार चिकित्सा पर कब तक झूठे आश्वासन देती रहेगी ये सरकार ये बजट केवल और केवल धन्ना सेठों का बजट है। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कृष्णा रूहेला ने कहा 2026 का बजट आम जनता को राहत देने में विफल रहा है, महंगाई और बेरोजगारी पर ठोस समाधान नहीं दिखता।

किसान, गरीब और मध्यम वर्ग के लिए घोषणाएँ ज्यादा हैं, लेकिन जमीनी हकीकत बदलने वाले प्रावधान नजर नहीं आते।

# देश के भविष्य के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है बजट 2026 : संजीव शर्मा



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने केंद्रीय बजट 2026 को 2047 के विकसित भारत की स्पष्ट झलक प्रस्तुत करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि एक कर्तव्यनिष्ठ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में कर्तव्य भवन से प्रस्तुत यह बजट कर्तव्य पथ पर चलने के संकल्प को साकार करता है और देश के भविष्य के प्रति सरकार की अटूट प्रतिबद्धता को दशार्ता है। विधायक संजीव शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार नौवीं बार देश का बजट प्रस्तुत करने के लिए केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह बजट 'सबका साथ, सबका विकास' के संकल्प को मजबूती प्रदान करता है और वैश्विक आर्थिक अस्थिरता के बावजूद भारत की सशक्त आर्थिक स्थिति को रेखांकित करता है। उन्होंने कहा कि बजट 2026 में महिला सशक्तिकरण के लिए की गई अनेक घोषणाएं सरकार की समावेशी सोच को दशार्ती हैं। साथ ही मैन्युफैक्चरिंग के माध्यम से बड़े पैमाने पर रोजगार सृजन पर विशेष जोर दिया गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स, टेक्सटाइल्स, सेमीकंडक्टर, केमिकल, कंटेनर और खेल क्षेत्र को गति देने के लिए किए गए प्रावधान आत्मनिर्भर भारत की दिशा में निर्णायक कदम हैं। इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों के लिए 40 हजार करोड़ रुपये और बायोफार्मा उद्योग के लिए 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान देश की औद्योगिक क्षमता को नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा। संजीव शर्मा ने कहा कि महात्मा गांधी ग्राम स्वराज पहल के माध्यम से खादी और ग्रामीण शिल्प को वैश्विक पहचान मिलेगी, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। पर्यटन और सांस्कृतिक केंद्रों के विकास, पटना और वाराणसी में शिप रिपेयर इकोसिस्टम की स्थापना तथा सड़क परिवहन और रक्षा क्षेत्र में बढ़ा निवेश सरकार की दीर्घकालिक विकास दृष्टि को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि यह बजट गरीब, किसान, महिला और युवा सहित समाज के हर वर्ग के कल्याण को सुनिश्चित करता है और विकसित भारत के संकल्प को साकार करने की दिशा में एक सशक्त पहल है। कुल मिलाकर यह बजट देश के चहुंमुखी विकास का रोडमैप है। अंत में विधायक संजीव शर्मा ने आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए माननीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण एवं उनकी पूरी टीम को हृदय से धन्यवाद दिया।

# मुख्यमंत्री योगी ने स्वर्गीय डॉ. बलबीर सिंह बेदी के निधन पर जताया गहरा शोक

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सेवानिवृत्त आईपीएस अधिकारी एवं जम्मू-कश्मीर के पूर्व पुलिस महानिदेशक स्वर्गीय डॉ. बलबीर सिंह बेदी के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने स्वर्गीय डॉ. बेदी के पुत्र श्री अमरजोत सिंह बेदी को शोक संदेश प्रेषित कर अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अपने शोक संदेश में कहा कि पिता का निधन किसी भी पुत्र के लिए अत्यंत पीड़ादायक होता है, हालांकि जीवन का जन्म और मृत्यु का चक्र हमें जीवन की नश्वरता का बोध कराता है। उन्होंने स्वर्गीय डॉ. बलबीर सिंह बेदी के दीर्घ, समर्पित और अनुकरणीय प्रशासनिक जीवन का स्मरण करते हुए कहा कि वे वर्ष 1961 बैच के भारतीय पुलिस सेवा के अत्यंत निष्ठावान और कर्तव्यनिष्ठ अधिकारी थे। मुख्यमंत्री ने बताया कि अपने सेवाकाल के दौरान डॉ. बेदी ने उत्तर प्रदेश के अनेक जिलों में पुलिस अधीक्षक और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्य किया। इसके साथ ही उन्होंने गोरखपुर, वाराणसी, आगरा और कानपुर परिक्षेत्र में पुलिस उप महानिरीक्षक के पद पर रहते हुए कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे कानपुर परिक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक तथा उत्तर प्रदेश पीएसी में अपर पुलिस महानिदेशक के पद पर भी कार्यरत रहे। अपने संदेश में मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि वर्ष 1985 में केंद्र सरकार द्वारा उन्हें पुलिस उप महानिरीक्षक, जालंधर परिक्षेत्र के पद पर प्रतिनियुक्त किया गया। वर्ष 1991 में जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद के चरम काल के दौरान उन्हें पुलिस महानिदेशक की अत्यंत चुनौतीपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई, जिसे उन्होंने अद्भुत साहस, सूझबूझ और प्रशासनिक दक्षता के साथ निभाया। इसके अतिरिक्त उन्होंने उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग के सदस्य के रूप में भी महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि स्वर्गीय डॉ. बलबीर सिंह बेदी का निधन न केवल उनके परिवार के लिए, बल्कि समाज और प्रशासनिक जगत के लिए भी अपूरणीय क्षति है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को चिर शांति प्रदान हो तथा शोक संतप्त परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्राप्त हो।

# भोजपुर क्षेत्र के फर्जी पतों पर 24 पासपोर्ट जारी, 26 पर मुकदमा

वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** दिल्ली स्थित क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय से मोदीनगर के भोजपुर क्षेत्र के फर्जी पतों पर 24 पासपोर्ट जारी कराए जाने का गंभीर मामला सामने आया है। संदेह होने पर पासपोर्ट कार्यालय की ओर से पुलिस से जांच का अनुरोध किया गया, जिसके बाद पूरे फर्जीवाड़े का पदार्फाश हुआ। जांच में सामने आया कि जिन पतों पर पासपोर्ट बनवाए गए, वहां कोई भी आवेदक निवास नहीं करता था। सभी आवेदन फर्जी पाए गए हैं। मामले में भोजपुर थाने में 26 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सभी पासपोर्ट भोजपुर थाना क्षेत्र के भोजपुर, त्यौड़ी, अतरौली, कलछीना और सैदपुर हुसैनपुर गांवों के पते पर बनवाए गए थे। चौंकाने वाली बात यह है कि किसी भी पासपोर्ट में पूरा पता दर्ज नहीं था, केवल गांव और थाना क्षेत्र का उल्लेख किया गया था। यही खामी पासपोर्ट कार्यालय की नजर में आई, जिसके बाद जांच की प्रक्रिया शुरू हुई। डीसीपी देहात सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि मामले की जांच में भोजपुर पोस्ट ऑफिस में तैनात पोस्टमैन अरूण कुमार की भूमिका सामने आई है। पोस्टमैन और दो एजेंटों से पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक पूछताछ में पोस्टमैन अरूण कुमार ने स्वीकार किया है कि करीब पांच महीने पहले प्रकाश सुब्बा और विवेक गांधी नामक दो व्यक्ति उससे मिले थे। उन्होंने कहा था कि उनके कुछ पासपोर्ट बनकर आने वाले हैं और यदि वह पते पर डिलीवरी करने के बजाय सीधे उन्हें पासपोर्ट सौंप दे, तो प्रत्येक पासपोर्ट के बदले दो हजार रुपये दिए जाएंगे। लालच में आकर पोस्टमैन ने बिना किसी पते पर सत्यापन या डिलीवरी किए सभी पासपोर्ट आरोपितों को सौंप दिए। मामले का खुलासा दिसंबर 2025 में हुआ, जब दिल्ली के क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी ने गाजियाबाद पुलिस आयुक्त को पत्र भेजकर संदिग्ध पासपोर्ट की सूची साझा की और जांच का अनुरोध किया। पुलिस जांच में पूरे नेटवर्क का खुलासा हुआ। इस प्रकरण में अमनप्रीत कौर, जसप्रीत कौर, रितु शर्मा, मेघना राणा, रामकुमारी, दलजीत सिंह, मोहिंद्र गौर, यशोदा राय, बसंती राय, जीत कौर, शमशेर सिंह, कमलजीत कौर, इंद्र सिंह, बलविंदर सिंह, मनजीत सिंह, रजमीत सिंह, तरनजीत कौर, सिमरजीत कौर, जगमीत कौर, गुरनूर कौर, जसकरण सिंह, जपमैहर कौर, पोस्टमैन अरूण कुमार, विवेक गांधी, प्रकाश सुब्बा सहित अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफ भोजपुर थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस का कहना है कि पूरे मामले की गहन जांच की जा रही है और पासपोर्ट सत्यापन प्रक्रिया में शामिल अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

# पंच परिवर्तन, हिन्दुत्व की विशेषताएँ और संघ की 100 वर्षों की यात्रा पर हुआ चिंतन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में हिन्दू समाज की एकता, बंधुत्व और स्वाभिमान को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से रविवार को वैशाली सेक्टर-1 स्थित सनवैली इंटरनेशनल स्कूल के खुले मैदान में भव्य 'विराट हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, समाजसेवियों और गणमान्य नागरिकों की सहभागिता देखने को मिली। कार्यक्रम की अध्यक्षता सनवैली इंटरनेशनल स्कूल की प्रिंसिपल प्रीति गोयल ने की। विराट हिन्दू सम्मेलन की आयोजन समिति में अध्यक्ष घनश्याम गुप्ता, महासचिव अशोक कुमार वर्मा तथा संयोजक सुभाष शर्मा सहित वैशाली सेक्टर-1 के सकल हिन्दू समाज से जुड़े अनेक समाजसेवी व्यक्ति सक्रिय रूप से शामिल रहे। सम्मेलन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वैशाली महानगर के माननीय सह महानगर संघ चालक श्री संजय भसीन ने 'पंच परिवर्तन विषय पर अपने विचार रखते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर जोर दिया। कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को पीतांबरा पीठाधीश आचार्य डॉ. विक्रमादित्य जी का सानिध्य भी प्राप्त हुआ। उन्होंने 'हिन्दुत्व की विशेषता, वर्तमान चुनौतियाँ और समाधान विषय पर संबोधन देते हुए भारतीय संस्कृति और मूल्यों की रक्षा को समय की आवश्यकता बताया। कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय अधिकारी एवं अखिल भारतीय सह सेवा प्रमुख श्री राजकुमार मटाले ने 'संघ की 100 वर्षों की यात्रा विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने संघ के सामाजिक, सांस्कृतिक और राष्ट्र निर्माण से जुड़े कार्यों का उल्लेख करते हुए हिन्दू समाज से पांच संकल्पों-सामाजिक समरसता, पर्यावरण एवं जल संरक्षण, कुटुंब प्रबोधन, स्व-आधारित जीवनशैली और नागरिक कर्तव्यबोध-को अपनाने का आह्वान किया। वक्ताओं ने जातीय भेदभाव को समाप्त कर समाज में एकता स्थापित करने पर विशेष बल दिया। सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती वंदना से हुआ। मुख्य आयोजन के दौरान बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में एक लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई, जिसे दर्शकों ने गंभीरता से देखा। इस अवसर पर स्थानीय पार्षद कुसुम गोयल, पूर्व पार्षद डॉ. मनोज गोयल सहित समाज के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। विराट हिन्दू सम्मेलन का समापन समरसता भोज के साथ हुआ। आयोजन ने समाज में एकता, संवाद और सांस्कृतिक चेतना को और अधिक मजबूत करने का संदेश दिया।

## कार चालक ने बाइक सवार को रोककर दी जान से मारने की धमकी

**गाजियाबाद।** टीला मोड़ थाना क्षेत्र में शनिवार रात एक कार चालक ने बाइक सवार युवक को रोककर गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में पुलिस इसे पुराने पारिवारिक विवाद से जोड़कर देख रही है। पसौंडा निवासी मोहम्मद लुकमान ने बताया कि वह 30 जनवरी की रात अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। नागद्वार-हिंडन एयरफोर्स मार्ग पर अचानक एक तेज रफ्तार कार उनके बाइक के सामने आ गई। कार चालक ने बाइक के रास्ते में गाड़ी रोक दी और उतरकर गाली देने लगा। कुछ दूरी तय करने के बाद, आरोपी ने दोबारा रास्ता रोका और जान से मारने की धमकी दी। दोनों बार बाइक दुर्घटनाग्रस्त होने से बच गई, अन्यथा गंभीर चोटें आ सकती थीं। एसीपी साहिबाबाद श्वेता यादव ने बताया कि पीड़ित के साथ कुछ पुराने पारिवारिक विवाद चल रहे हैं, जिसमें दूसरे थाना क्षेत्र में भी प्राथमिकी दर्ज होने की जानकारी मिली है। पुलिस टीम सीसीटीवी फुटेज की मदद से कार चालक का पता लगाने में जुटी हुई है और मामले की पूरी जांच कर रही है।

# समता, बंधुत्व और मानवता के अमर संदेशवाहक थे संत शिरोमणि रविदास जी



वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** शहर विधायक संजीव शर्मा ने रविवार को संत शिरोमणि भगवान रविदास जी महाराज को भारतीय संत परंपरा का महान दीपस्तंभ बताते हुए कहा कि उनके विचार और शिक्षाएं युगों तक समाज का मार्गदर्शन करती रहेंगी। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी महाराज सदा लोगों के हृदय में विराजमान रहेंगे और मानवता को सही दिशा दिखाते रहेंगे। विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि भगवान रविदास जी महाराज ने अपने संपूर्ण जीवन के माध्यम से समाज को समता, बंधुत्व और मानवता का अमर संदेश दिया। उनका जीवन इस सत्य को प्रतिपादित करता है कि मनुष्य की पहचान उसकी जाति या जन्म से नहीं, बल्कि उसके कर्म, आचरण और विचारों से होती है। उन्होंने सामाजिक भेदभाव, छुआछूत और कुरीतियों का अपने वचनों और भजनों के माध्यम से दृढ़ता से विरोध किया। उन्होंने कहा कि संत रविदास जी का स्वप्न एक ऐसे समाज का था, जहां कोई दुखी न हो, कोई भेदभाव न हो और प्रत्येक व्यक्ति सम्मान के साथ जीवन व्यतीत कर सके। उनकी शिक्षाएं आज भी उतनी ही प्रासंगिक हैं, क्योंकि मानवता की सेवा, सत्य का मार्ग और समानता का भाव ही सच्ची भक्ति का स्वरूप है। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अजय चोपड़ा ने कहा कि भगवान रविदास जी महाराज ने समाज को आत्मसम्मान, सामाजिक न्याय और आपसी प्रेम का मार्ग दिखाया। उन्होंने आह्वान किया कि इस पावन अवसर पर हम सभी संत रविदास जी द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलने का संकल्प लें और एक समरस, न्यायपूर्ण एवं मानवतावादी समाज के निर्माण में अपना सक्रिय योगदान दें।

# मध्यम वर्ग को राहत, किसानों को संबल और युवाओं को अवसर देने पर सरकार का स्पष्ट फोकस

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं मेरठ मंडल प्रभारी, अर्बन कमेटी उत्तर प्रदेश, इंदरजीत सिंह टीटू ने केंद्रीय बजट 2026 पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि केंद्र की मौजूदा सरकार केवल वर्तमान जरूरतों तक सीमित न रहकर आने वाले वर्षों में देश को बेहतर परिणाम दिलाने के उद्देश्य से बजट पर कार्य करती है। उन्होंने कहा कि सरकार की सोच दीर्घकालिक है और बजट भविष्य की मजबूत नींव रखने का माध्यम है। इंदरजीत सिंह टीटू ने कहा कि बजट 2026 भारत की मजबूत नींव तैयार करने वाला, विकास और विश्वास के संतुलन पर आधारित एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करता है। इस बजट में विशेष रूप से मध्यम वर्ग को राहत देने, किसानों को आर्थिक संबल प्रदान करने, महिलाओं और युवाओं को नए अवसर उपलब्ध कराने तथा रोजगार सृजन पर स्पष्ट और ठोस फोकस किया गया है। उन्होंने बताया कि बजट में बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के साथ-साथ शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में निवेश को प्राथमिकता दी गई है, जिससे देश आत्मनिर्भर बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ सके। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में किया गया निवेश दीर्घकाल में आर्थिक मजबूती, सामाजिक विकास और रोजगार के नए अवसरों का आधार बनेगा। राष्ट्रीय लोकदल के नेता ने कहा कि कुल मिलाकर यह बजट केवल आज की जरूरतों को नहीं, बल्कि आने वाले भविष्य को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है, जो भारत को आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

## पानी की टंकी का टॉप टूटकर टैंक में गिरा, बड़ा हादसा टला

**वैशाली।** सेक्टर पांच में बनी पानी की टंकी टूटने से शुक्रवार रात बड़ा हादसा होते-होते टल गया। करीब 20 वर्ष पुरानी दो हजार किलोलीटर (केएल) क्षमता वाली पानी की टंकी का ऊपरी हिस्सा अचानक टूटकर टैंक के अंदर पानी में ही गिर गया। गनीमत रही कि हादसे के समय मलबा टंकी के अंदर गिरा। बाहर गिरता और उस समय उसके आसपास कोई मौजूद होता तो जनहानि भी हो सकती थी। टंकी का टॉप टूटने की वजह से पूरे इलाके की जलापूर्ति बाधित हो गई। लगभग 20 हजार लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

# क्रॉसिंग रिपब्लिक में बुजुर्ग महिला से भगवान दिखाने के बहाने लूटपाट, मंगलसूत्र और गहने छिने


वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद।** क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्र में शुक्रवार शाम एक बुजुर्ग महिला से भगवान दिखाने के झांसे में लूटपाट की वारदात सामने आई। घटना में बदमाशों ने महिला को अचेत कर दिया और मंगलसूत्र, कानों के कुंडल, पर्स और मोबाइल लूटकर फरार हो गए। पीड़िता के बेटे ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। एसीपी वेव सिटी प्रियाश्री पाल ने बताया कि मूलरूप से उत्तराखंड के रानीखेत निवासी त्रिलोक सिंह नेगी नोएडा में आईटी सेक्टर में नौकरी करते हैं और परिवार के साथ सुपरटेब लिविंग स्टोन सोसाइटी में रहते हैं। शुक्रवार शाम उनकी मां कुसुम नेगी घूमने के लिए फ्लैट से निकली थीं। पीड़िता ने बताया कि जैसे ही वह एचपी पेट्रोल पंप के पास पहुँची, दो युवकों ने उनका रास्ता रोककर पता पूछना शुरू किया। पता न होने पर महिला आगे बढ़ गई, लेकिन तभी एक युवक दौड़कर उनके पास आया और कहा कि वह हरिद्वार से आया है और उनके घर की सारी परेशानियां मिनटों में दूर कर सकता है। इस दौरान उसका साथी मौके पर आया और महिला को जमीन से पत्ता उठाकर देखने को कहा। इसी झांसे में कुसुम नेगी अचेतावस्था में आ गई।

बदमाशों ने इस मौके का फायदा उठाते हुए महिला के मंगलसूत्र, कानों के कुंडल, पर्स और मोबाइल लूट लिए और मौके से फरार हो गए।

# मुरादनगर में बच्चों के परिधान की नई पहचान बना किडल कॉटन

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद।** मुरादनगर के मुख्य बाजार में बच्चों के परिधान को नया आयाम देते हुए 'किडल कॉटनज प्रीमियम बच्चों के परिधान केंद्र का भव्य शुभारंभ रविवार को बड़े हर्षोल्लास के साथ किया गया। यह अत्याधुनिक प्रतिष्ठान दुकान संख्या 232, मुख्य बाजार मुरादनगर, सराय गेट के निकट स्थित है, जहां बच्चों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले सूती वस्त्रों की आकर्षक और विस्तृत श्रृंखला उपलब्ध कराई गई है। शुभारंभ अवसर पर प्रतिष्ठान के निदेशक श्री दुर्गेश अग्रवाल, श्री पुष्कर सिंह एवं श्री पवन शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ परिवारजनों और मित्रों की गरिमामयी उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। उद्घाटन के दौरान वातावरण उत्साह और उमंग से परिपूर्ण रहा। 'किडल कॉटन में बच्चों के लिए रोजमर्रा के पहनावे से लेकर विशेष अवसरों के लिए बनाए गए सुंदर, आरामदायक और आधुनिक डिजाइन वाले परिधान उपलब्ध हैं। प्रतिष्ठान में उच्च गुणवत्ता वाले सूती वस्त्रों को किफायती मूल्यों पर उपलब्ध कराने पर विशेष ध्यान दिया गया है, जिससे मध्यम वर्गीय परिवारों को भी श्रेष्ठ गुणवत्ता का लाभ मिल सके।